(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

बेटी के लिए आमिर खान...8



शनिवार, 30 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 131 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## कर्नाटक मंत्रिमंडल विस्तार पर मुख्यमंत्री बोम्मई तीन मई को अमित शाह से कर सकते हैं बातचीत

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि वह राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार या उसमें फेरबदल के विषय पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से तीन मई को विचार विमर्श कर सकते हैं। कर्नाटक में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बोम्मई पर अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करने या उसमें फेरबदल का दबाव है। शाह के तीन मई को शहर का दौरा करने का कार्यक्रम है। बोम्मई शुक्रवार रात आधिकारिक यात्रा पर दिल्ली जाने वाले हैं,लेकिन इस यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व के साथ उनकी बैठक नहीं होगी। विधानसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार करने की विधायकों की मांग के बारे में पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं उनकी भावनाओं को समझता हूं और इससे पार्टी नेतृत्व को अवगत करा दिया है, जिन्होंने (भाजपा नेतृत्व ने) कहा है कि उचित वक्त में इस पर निर्णय लिया जाएगा। अमित शाह तीन मई को बेंगलुरु आने वाले हैं, मैं उस अवसर का इस्तेमाल (कैबिनेट के बारे में चर्चा करने के लिए) करूंगा।'' बोम्मई ने संवाददताओं से कहा कि वह सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य न्यायाधीशों के लिए प्रध ाानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए जा रहे रात्रि भोज में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल होकर वह रविवार सुबह लौट आएंगे, इसलिए इस यात्रा के दौरान उनकी किसी केन्द्रीय मंत्री अथवा पार्टी अध्यक्ष के साथ बैठक नहीं होगी।



## जिग्नेश मेवाणी को बड़ी राहत, पुलिसकर्मी पर कथित हमले के मामले में मिली जमानत

अहमदाबाद। गुजरात के कांग्रेस समर्थित निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवानी को बड़ी राहत मिली है। असम के बारपेटा जिले की एक स्थानीय अदालत ने उन्हें पुलिस अधिकारी से कथित मारपीट के मामले में जमानत दे दी है। जिग्नेश मेवानी के वकील अंगसुमन बोरा ने बताया कि असम के बारपेटा जिले की एक स्थानीय अदालत ने एक पुलिसकर्मी पर कथित हमले के मामले में जिग्नेश मेवानी को जमानत दे दी है। हालांकि औपचारिकताओं के कारण उन्हें 30 अप्रैल को रिहा किए जाने की उम्मीद है। आपको बता दें कि अदालत ने एक महिला पुलिस अधिकारी से कथित मारपीट के सिलसिले में गुजरात के निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवानी की जमानत अर्जी पर अपना आदेश शुक्रवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था।



अदालत ने मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई पूरी कर ली थी, आज उसका फैसला आना था। अंगसुमन बोरा ने कहा था कि अभियोजन पक्ष ने स्थगन आदेश प्राप्त करने का प्रयास किया लेकिन अदालत ने इससे इनकार कर दिया और उसे बृहस्पतिवार को ही दलीलें रखने को कहा। इस बीच, मेवानी का समर्थन कर रही कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की असम यात्रा के दौरान राज्य भर में प्रदर्शन किये थे। महिला पुलिस अधिकारी से मारपीट के मामले में मेवानी को मंगलवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। जिग्नेश मेवानी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ट्वीट से संबंधित एक मामले में एक अदालत द्वारा जमानत दिए जाने के बाद, असम पुलिस ने उन्हें अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में फिर से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया कि कांग्रेस समर्थित विधायक मेवानी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले, दिन में कोकराझार की एक अदालत ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ उनके ट्वीट से जुड़े मामले में उन्हें जमानत दे दी थी। गुजरात के विधायक के खिलाफ कोकराझार में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्हें 19 अप्रैल को गुजरात के पालनपुर शहर से गिरफ्तार किया गया था।

## सरकार से देशद्रोह और आतंकवाद रोधी कानून, जम्मू–कश्मीर की स्थिति पर चर्चा की : ईयू प्रतिनिधि

नयी दिल्ली। यूरोपीय संघ के मानवाधिकार पर विशेष प्रतिनिधि इमोन गिल्मोर ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार से उनकी हुई मुलाकात के दौरान देशद्रोह और आतंकवाद रोधी कानूनों के इस्तेमाल, अल्पसंख्यकों की स्थिति, सांप्रदायिक हिंसा और जम्मू–कश्मीर की हालात जैसे मुद्दों पर चर्चा की। गिल्मोर ने यह भी कहा कि भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्यों के साथ हुई उनकी मुलाकात के दौरान विदेशी चंदा (नियमन) अधिनियम (एफसीआरए), हिरासत, जमानत, देशद्रोह और आतंकवाद रोधी कानून, गैरकानूनी गतिविधि (निषेध ा) अधिनियम (यूएपीए), अल्पसंख्यकों और व्यक्तियों के मामलों में आयोग की भूमिका पर भी चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ प्रतिनिधिमंडल जिसमें गिल्मोर और ईयू के भारत में राजदूत उगो एस्टुटो शामिल हैं ने बृहस्पतिवार को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी से दिल्ली में मुलाकात की। इससे एक दिन पहले प्रतिनिधिमंडल ने एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (अवकाश प्राप्त) अरुण कुमार मिश्रा और आयोग के अन्य सदस्यों से मुलाकात की थी। गिल्मोर ने बैठक के बाद नकवी को टैग कर ट्वीट किया, ''अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी सहित सरकार के साथ मुलकात के दौरान मैंने एफसीआरए, देशद्रोह और आतंकवाद रोधी कानून के इस्तेमाल, हिरासत, अल्पसख्यकों की स्थिति, सांप्रदायिक हिंसा, जम्मू–कश्मीर की स्थिति और व्यक्तियों के मामलों पर चर्चा की।'' अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में मौजूद सूत्रों के मुताबिक नकवी ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि भारत में सभी वर्गों के संवैधानिक और धार्मिक अधिकार निश्चित तौर पर सुरक्षित हैं लेकिन ''किसी को भी जबरन और फर्जीवाड़े से धर्मांतरण कराने में संलिप्त होने अधिकार नहीं है।'' माना जाता है कि नकवी ने प्रतिनिध िमंडल से कहा कि ''वर्ष 2014 के बाद से भारत में एक भी बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है'' लेकिन कुछ गिने चुने आपराधिक मामलों को ''सांप्रदायिक रंग'' देने की कुछ साजिश है। सूत्रों ने बताया कि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि कुछ लोग हैं जो लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत को 'साजिश' के तहत 'बदनाम' करने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने कहा कि कई बार वे पत्र लिखते हैं जबकि बाकी समय में वे ''इस्लोफोबिया'' का मुद्दा उठाते हैं। नकवी ने इस बात पर भी जोर दिया कि मोदी सरकार ने पिछले आठ साल में अलपसंख्यक समुदाय के करीब पांच करोड़ छात्रों को छात्रवृत्ति दी है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि केंद्र सरकार की नौकरियों में अल्पसंख्यकों की संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 10 प्रतिशत से अधिक हो गई है। सूत्रों ने बताया कि मंत्री ने प्रतिनिध िमंडल को कहा कि अल कायदा और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठन '' अपने नापाक''मंसूबों में यूरोप व अन्य देशों मेंसफल हो सकते हैं लेकिन भारत में वे कभी सफल नहीं हुए , और भारत की सांस्कृतिक सह अस्तित्व और अनेकता में एकता की मजबूती से यह हुआ।



## कुमारी सैलजा को पद से हटाए जाने पर हरियाणा के गृह मंत्री मंत्री अनिल विज ने कसा तंज

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कुमारी सैलजा को राज्य कांग्रेस इकाई की अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद शुक्रवार को लड़की हूं ,लड़ सकती हूं के नारे का इस्तेमाल करते हुए विपक्षी दल पर निशाना साधा। कांग्रेस के कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर होने का दावा करते हुए विज ने एक ट्वीट में कहा, लड़की हूं, लड़ सकती हूं '' का उत्तरप्रदेश में नारा देने वाली कांग्रेस हरियाणा में कुमारी सैलजा को बर्दाश्त नहीं कर सकी और बेरुखी के साथ उनको उनके पद से हटा दिया गया। यह है कांग्रेस का असली चेहरा जो कांग्रेस में महिलाओं के सम्मान को दर्शाता है। कांग्रेस की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बुधवार को राज्य इकाई में सुधार करते हुए पूर्व विधायक और भूपिंदर सिंह हुड्डा के वफादार उदय भान को सैलजा की जगह अपना प्रमुख नियुक्त किया। पार्टी ने अपनी हरियाणा इकाई में चार कार्यकारी अध्यक्षों– श्रुति चौधरी, राम किशन गुर्जर, जितेंद्र कुमार भारद्वाज और सुरेश गुप्ता को भी नियुक्त किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा को 2019 में राज्य विध ाानसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।



## प्रधानमंत्री मोदी ने कारोबारियों से कहा, बैंकिंग में सुधार सुझाने के लिए उद्यमियों का दल बनाएं



सूरत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कारोबारी समुदाय से उद्यमियों और विशेषज्ञों का दल बनाने को कहा जो बैंकिंग तथा अन्य क्षेत्रों में सुधारों के बारे में सुझाव दे सकें और खामियों को उजागर कर सकें। सूरत में तीन दिवसीय वैश्विक पाटीदार कारोबार सम्मेलन 2022 का डिजिटल तरीके से उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का ये निरंतर प्रयास है कि देश में ऐसा माहौल बने कि सामान्य से सामान्य परिवार का युवा भी उद्यमी बने। मोदी ने पाटीदार समुदाय के कारोबारी अगुवाओं से कहा, ''मेरा आपसे अनुरोध है कि उद्यमियों और विशेषज्ञों का एक दल बनाएं जो बैंकिंग तथा अन्य क्षेत्रों में सुध ाारों और खामियों के बारे में बता सके और इन्हें बदलने के लिए सुझाव दे सके।'' उन्होंने कहा, ''अपनी नीतियों, अपने कार्यों के माध यम से सरकार का ये निरंतर प्रयास है कि देश में ऐसा माहौल बने कि सामान्य से सामान्य परिवार का युवा भी उद्यमी बने, उसके लिए सपने देखे, उद्यमिता पर गर्व करे।

## पीएम मोदी के दौरे से पहले जर्मनी ने भारत को लेकर कह दी ऐसी बात, चीन और पाकिस्तान टेंशन में आ जाएंगे



नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच भीषण जंग चल रही है। इस जंग ने पूरी दुनिया के लिए बड़ी परेशानियां पैदा कर रखी हैं। कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही है। इसी बीच रूस के एक तेल डिपो पर भी यूक्रेन ने हमला किया। जुसकी वजह से जर्मनी में तेल की कमी को लेकर हलचल तेज हो गई बै। वहीं रूस ने साफ कर दिया है कि इस हमले से लेत की सप्लाई में कोई कमी नहीं आएगी। लेकिन अब जर्मनी कुछ ज्यादा चिंता में नजर आ रहा है। ऐसे मुश्किल वक्त में जर्मनी को कोई मुल्क याद आया है तो वो भारत है। दरअसल, जर्मनी के मंत्री टोबियास लिंडनर एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने भारत आए। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि भारत पूरी दुनिया की व्यवस्था में एक अहम किरदार निभाता है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि पूरी दुनिया को परेशानी में डालने वाला कोई भी मुद्दा भारत के बिना नहीं निपटाया जा सकता है। लिंडनर का ये भी कहना है कि भारत और जर्मनी मिलकर शिक्षा, सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में आपसी योजनाओं को और बढ़ावा देंगे। भारत के बिना किसी भी चुनौती का समाध ाान नहीं निकाला जा सकता। गौरतलब है कि जर्मनी लगातार भारत के साथ और अच्छे संबंध बनाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि लिंडनर ने ये बातें ऐसे दौर में कही है जब पीएम मोदी जल्द ही जर्मनी का दौरा करने वाले हैं। पीएम मोदी की विदेश यात्रा शुरू होने वाली है। साल 2022 के इस अपने पहले विदेश दौरे में पीएम मोदी जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस यात्रा पर जाएंगे। पीएम की इस यूरोप यात्रा के एजेंडा में द्विपक्षीय संबंधों से लेकर क्षेत्रीय समीकरणों और व्यापार–निवेश तक कई अहम मुद्दे हैं।

## एक्शन में यूपी एटीएस ! देवबंद दारुल उलूम के एक छात्र को किया गिरफ्तार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देवबंद दारुल उलूम के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, देवबंद दारुल उलूम में पढ़ाई कर रहा छात्र बांग्लादेश का बताया जा रहा है। जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 2015 से देवबंद में रह रहा है। छात्र पर आरोप है कि वह फर्जी दस्तावेजों के जरिए देवबंद दारुल उलूम में पढ़ाई कर रहा था। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि छात्र को आखिर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दाखिला क्यों लेना पड़ा ? इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए छात्र का पाकिस्तान कनेक्शन भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि छात्र ने पाकिस्तान में ट्रेनिंग ली है। हालांकि खबर लिखे जाने तक अभी इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन पूछताछ जारी है। पुलिस की रडार में था छात्रः यूपी एटीएस को फर्जी दस्तावेज के आधार पर एक छात्र के देवबंद दारुल उलूम में दाखिला लेने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद से छानबीन की जा रही थी और फिर एटीएस ने छात्र को गिरफ्तार कर लिया।




## शाहीनबाग में तालिबानी हेरोइन, 2 अफगानी नागरिक गिरफ्तार, जांच में जुटी एजेंसियां

नई दिल्ली। दिल्ली का शाहीनबाग इलाका हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। बीते वर्ष सीएए विरोधी धरना प्रदर्शन की वजह से शाहीनबाग खबरों में था। फिर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर अभियान चलाए जाने को लेकर भी शाहीन बाग बीते दो–तीन दिनों से चर्चा में है। लेकिन अब शाहीन बाग में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी की बड़ी कार्रवाई हुई है और एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रैग रैकेट का खुलासा हुआ है। शाहीन बाग में 100 किलो ड्रग्स बरामद किए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अफगानिस्तान से ये ड्रग्स लाए गए थे। अफगानिस्तान से 50 किलो की हेरोइन की खेप थी। इसके साथ ही 30 लाख रुपये और नोट गिनने की मशीन भी बरामद की गई है। इस मामले में एनसीबी ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में 2 अफगान नागरिक बताए जा रहे हैं। दोनों अफगान नागरिकों का तालिबानी लिंक भी सामने आ रहा है। पूरे मामले में नार्को–आतंकवाद से संबंध की कड़ियां जुड़ने लगी हैं। इसके दुबई और पाकिस्तान से संबंध भी सामने आ रहे हैं। दुबई से इस सिंडिकेट के ऑपरेट होने की वजह से जांच एजेंसी को शक है कि इस मामले में अंडरवर्ल्ड का हाथ है। साथ ही साथ बरामद हेरोइन और अन्य ड्रग्स के सैंपल हाल ही में अटारी बॉर्डर के पास बरामद ड्रग्स से मेल खाते हैं। एनसीबी के उप महानिदेशक (अभियान) संजय कुमार सिंह का कहना है कि दक्षिण दिल्ली के आवासीय परिसरों में छापेमारी के बाद 30 लाख रुपये नकद भी बरामद किये गये। अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ थैलों, जूट की बोरी में और फ्लिपकार्ट एवं अन्य ई–कॉमर्स कंपनियों के पैकेट में लपेट कर रखा गया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली में मादक पदार्थों की, वह भी किसी आवासीय इलाके से यह सबसे बड़ी जब्ती है। अधिकारी ने बताया कि अन्य 47 किग्रा 'संदिग्ध' मादक पदार्थ भी परिसरों से जब्त किया गया और एनसीबी ने जांच के लिए उसे प्रयोगशाला भेज दिया है। उन्होंने बताया कि जब्त की गई हेरोइन अफगानिस्तान से तस्करी कर लाई गई थी और नकदी हवाला के जरिये लाये जाने का संदेह है।



हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश

बस्ती–संतकबीरनगर–अयोध्या–गोंडा–बलरामपुर–श्रावस्ती–बहराइच

शनिवार, 30 अप्रैल 2022

ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com



# प्रतिबंधित मछली पालन के मामले में एसडीएम के निर्देश पर मत्स्य विभाग की कार्रवाई नही हो सकी

गोंडा। प्रतिबंधित मछली पालन के मामले में एसडीएम के निर्देश पर मत्स्य विभाग की कार्रवाई नही हो सकी मगर रातों रात मछली पालक सभी तालाबों से मछलियां निकाल कर फरार हो गया। मछलियों की कीमत करीब 15 लाख बताई जा रही है। गैर कानूनी तरीके से 8 तालाबों की खुदाई करके प्रतिबंधित प्रजाति की भारी संख्या में मछली पालन पकड़े जाने के बाद एसडीएम ने 17 अप्रैल को मत्स्य विभाग को मछलियों को नष्ट कराने एवं मछली पालन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिया था। उसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई और मछली पालने वाले व्यक्ति ने आठों तालाबों की सभी मछलियों को निकालकर रातो रात गायब हो गया। जिसकी सूचना मिलने के बाद एक बार फिर से मौके पर पहुंचे एसडीएम ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। फिर भी मत्स्य विभाग कार्रवाई नही कर रहा। बीते 17 अप्रैल को एसडीएम हीरालाल को ग्राम सकरौरा ग्रामीण के मजरा गज्जू पुरवा में अवैध तरीके से कृषि योग्य भूमि में आठ तालाब खोदकर उसमें पानी भरने के बाद करीब दो माह से प्रतिबंधित प्रजाति की मांगुर मछली पालन करने की सूचना मिली। एसडीएम मौके पर पहुंचे तो सभी तालाबों में भारी मात्रा में मछलियां मिलीं। एसडीएम ने मत्स्य विभाग को पत्र लिखकर तत्काल मछलियों को नष्ट करने व तालाब की पटाई कराते हुए मछली पालक के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। मगर एक सप्ताह बाद तक मत्स्य विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नही पहुंचा। जिसका फायदा उठाते हुए मछली पालक रातोंरात मछली का शिकार करके सभी तालाबों का पानी पंपिंग सेट से निकालकर तालाब को सुखा छोड़ फरार हो गया।

# चाचा ने भतीजे पर किया जानलेवा हमला

## घायल किशोर मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर

मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर पूरे गौरन गांव में अपने खेत में सिंचाई हेतु पाइप बिछा रहे 14 वर्षीय किशोर को उसके सगे चाचा ने अपने परिवार जनों के साथ हमला कर किशोर को पीट–पीटकर लहूलुहान कर दिया है घटना के बाद घायल किशोर को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मिल्कीपुर गांव अंतर्गत गौरन पुरवा निवासी युवती नीतू सिंह ने इनायत नगर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका छोटा भाई दिन में अपने खेत में सिंचाई हेतु पाइप बिछा रहा था कि तभी उसके चाचा रणजीत सिंह पुत्र नोहर सिंह एवं डाली सिंह करण सिंह तथा राजेश कुमारी ने लाठी–डंडों एवं कुल्हाड़ी से उसके भाई अखंड प्रताप सिंह पुत्र विक्रम सिंह पर घातक वार कर दिया था जिसके चलते अखंड गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया था। घटना के बाद घायल किशोर को इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर ले जाया गया जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल में भी हालत गंभीर देख अस्पताल के डॉक्टरों ने किशोर को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद घायल किशोर की बहन नीतू सिंह की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने आरोपियों रणजीत सिंह डाली सिंह करण सिंह एवं राजेश कुमारी के विरुद्ध धारा 323, 324, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था किंतु उनका चालान मात्र शांति भंग में करते हुए एसडीएम न्यायालय दे दिया है।

# साम्प्रदायिक दंगा कराने की कोशिश में सात गिरफ्तार

अयोध्या। पवित्र माह रमजान में अयोध्या को सांप्रदायिक दंगों में झोंकने की कोशिश करने वाले अभियुक्तों में 7 को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। 4 अभी फरार बताए जा रहे हैं। प्रकरण 26 अप्रैल की रात का है। शहर अयोध्या के मस्जिदों में आपत्तिजनक पोस्टर, एवं आपत्तिजनक वस्तु व धार्मिक पुस्तक की प्रति फेंकी गई थी। . प्रेसवार्ता कर मामले का एसएसपी शैलेश पांडेय ने खुलासा किया।

बताया कि शहर मे दंगा फैलाने की कोशिश करने वाले 07 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। घटना में प्रयुक्त वाहन एवं टोपी तथा मोबाइल बरामद किया गया है। मामले के दिन ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। सीसीटीवी आदि खंगाले गए थे जिससे अभियुक्तों की जानकारी मिली। वहीं कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में स्पेशल टीम गठित की गई। टीम में प्रभारी निरीक्षक कैण्ट अरुण प्रताप सिंह एवं प्रभारी एसओजी रतन कुमार शर्मा पड़ताल में लग गए। यह घटना शहर अयोध्या के मस्जिद कश्मीरी मोहल्ला, टाटशाह मस्जिद, घोसियाना रामनगर मस्जिद, ईदगाह सिविल लाइन एवं गुलाबशाह दरगाह जेल के पीछे की गई। जिसमें आपत्तिजनक वस्तु एवं आपत्तिजनक पोस्टर व धार्मिक पुस्तक की प्रति डालकर दंगा फैलाने की कोशिश हुई। मुखबिर की सूचना पर . टीम ने आरटीओ दफ्तर के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों में महेश कुमार मिश्रा निवासी खोजनपुर कोतवाली नगर, प्रत्युष श्रीवास्तव निवासी एल 757 आवास विकास कालोनी अमानीगंज, नितिन कुमार निवासी 858 रीडगंज हमदानी कोठी, दीपक कुमार गौड़ उर्फ गुंजन निवासी नाका मुरावन टोला, बृजेश पाण्डेय निवासी हौंसिला नगर, शत्रुघ्न प्रजापति निवासी सहादतगंज कुम्हार मण्डी तथा विमल पाण्डेय निवासी उमरहा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या हैं। सभी पर अग्रिम कार्रवाई की गई है।

घटना के खुलासे में एसएसपी ने बताया कि अभियुक्तों से कड़ी पूछताछ की गई। अभियुक्तों ने बताया कि महेश कुमार मिश्रा इस कार्य का मुख्य साजिशकर्ता रहा है। उसी ने साथियों के साथ मिलकर हाल ही मे दिल्ली में घटित घटना के विरोध में बृजेश पाण्डेय के मकान मे साजिश रची। महेश मिश्रा ने फ्लैक्सध्पम्पलेट आशीर्वाद फ्लैक्स लालबाग से खरीदा तथा प्रत्युष श्रीवास्तव ने चौक से गुदड़ी जाने वाले दर्रे के नीचे बनी रफीक बुक स्टोर की दुकान से 02 धार्मिक पुस्तकें (कुरान शरीफ) एवं पम्मी कैप हाउस राजा गली चौक से टोपी खरीदी गई। आकाश ने आपत्तिजनक वस्तु लालबाग से उपलब्ध कराया। 26 अप्रेल की रात लगभग 10 बजे वर्मा ढ़ाबा नवीनमण्डी के पास जुटे।

जहां खाना खाने के बाद बृजेश पाण्डेय के मकान निकट आरटीओ आफिस के पास महेश मिश्रा एवं प्रत्युष श्रीवास्तव ने फ्लैक्स पर आपत्तिजनक लेख अंकित किया। जिसके बाद 04 मोटरसाइकिल से सभी लोग देवकाली बाईपास से देवकाली मन्दिर होते हुए बेनीगंज तिराहा पंहुचे। जहां पर पीआरवी की गाड़ी देखकर बेनीगंज मस्जिद पर घटना नही कर सके। फिर खुर्दाबाद होकर परिक्रमा मार्ग होते हुए कश्मीरी मोहल्ला मस्जिद मे जाकर धार्मिक पुस्तक (कुरान शरीफ) फाड़कर एवं आपत्तिजनक वस्तु तथा आपत्तिजनक पम्पलेट डाला। वहीं से एसएसबी स्कूल के पास से होकर साकेत प्रिन्टिंग प्रेस होते हुए थाना कोतवाली नगर के पीछे वाले रास्ते से राजकरन स्कूल के सामने से टाटशाह मस्जिद पर जाकर उसके सामने धार्मिक पुस्तक (कुरान शरीफ) एवं आपत्तिजनक वस्तु तथा आपत्तिजनक पम्पलेट डाला। वहां से टकसाल होते हुए खिड़की अली बेग में वही हरकत की। फिर पोस्टमार्टम हाउस के सामने से एसबीआई मेन ब्रांच के सामने से निकलकर तहसील चौराहा होकर ईदगाह सिविल लाइन पर धार्मिक पुस्तक (कुरान शरीफ), आपत्तिजनक वस्तु एवं आपत्तिजनक पम्पलेट डाला। तहसील चौराहा होकर पोस्टमार्टम हाउस के सामने से निकलकर रेलवे क्रासिंग पार करने के बाद घोसियाना रामनगर मस्जिद के पास मुख्य सड़क पर ही धार्मिक पुस्तक (कुरान शरीफ) एवं आपत्तिजनक वस्तु तथा आपत्तिजनक पम्पलेट डालने के बाद कौशलपुरी होकर बृजेश पाण्डेय के मकान पर पंहुचे। वहां से सभी लोग अपने अपने घर चले जाने की बात बताई है। इस घटना मे कुल 11लोग शामिल थे जिसमे से 04 अभियुक्त फरार हैं। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण कार्यो का किया औचक निरीक्षण

गोण्डा। . जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज का औचक निरीक्षण किया लगभग 43 करोड़ रूप की लागत से बन रहे इंजीनियर कॉलेज के निर्माण कार्य के धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा कार्यदाई संस्था सीएनडीएस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूरा करने की डेडलाइन जून 2022 के अनुसार युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य कराएं। इसके साथ ही हिदायत दी कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा की निर्माण कार्य समय पर पूरा हो इसके लिए मैन पावर बढ़ाए तथा दिन–रात कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कालेज के निर्माण कार्य में अधो मानक सामग्रियों का प्रयोग कतई न किया जाए अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की पाक्षिक रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान कार्यदाई संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# पानी तलाश में गांव की तरफ भटक कर आये एक हिरन को कुत्तों ने नोचकर मार डाला

करनैलगंज(गोंडा)। पानी तलाश में गांव की तरफ भटक कर आये एक हिरन को कुत्तों ने नोचकर मार डाला। कोतवाली करनैलगंज के अंतर्गत बरगदी के पास एक प्यासा हिरन पानी की तलाश में गांव की तरफ आ गया। हिरन को देखते ही कुत्तों का झुंड उस पर टूट पड़ा और घायल कर दिया। गांव वालों ने मिलकर किसी तरह हिरन को बचाया। गांव वालो की सूचना के बाद भी वन दरोगा अशोक पाण्डे व पशु अस्पताल के चिकित्सक घंटो बीत जाने के बाद भी नहीं पहुंचे। भंभुआ के पशु डॉक्टर त्रिवेणी द्वारा तुरंत वैक्सीनेटर सनोज अवस्थी को भेजकर इलाज करवाया। मगर कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। बाद में पहुंचे वन विभाग के कर्मी हिरन का शव लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए ले गए।

# आग की चपेट के चलते बगल में गेहूं की फसल जलकर राख

कर्नलगंज, गोण्डा। .. एक बार फिर तहसील क्षेत्र कर्नलगंज में आग का भीषण तांडव देखने को मिला है। जहां क्षेत्र के ग्राम पिपरीराउत में अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत की पराली में भीषण आग लग गई। आग की चपेट के चलते बगल में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं खेतों में लगी आग रौद्र रूप धारण करते हुए गांव के जद तक जा पहुंची। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों द्वारा आग को गांव में घुसने से रोका गया। घटना के संबंध में गांव के लोगों ने फोन से उप जिलाधिकारी कर्नलगंज को सूचना दी लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी के समय से ना पहुंचने से गेहूं की फसल जलकर तबाह हो गई। आग लगने से गेहूं के भूसे और गेहूं की फसल की आर्थिक क्षति हुई है। फिलहाल राजस्व विभाग के कर्मचारी आग से हुई क्षति का आकलन करने में जुट गये।

# पहाड़ापुर में जांच करने हेतु टीम आने से पूर्व रातों रात शुरू हुआ पशुशेड निर्माण कार्य

गोण्डा। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, गंभीर अनियमितताओं व सरकारी धन के बंदरबांट से घिरी ग्राम पंचायत पहाड़ापुर काफी काफी सुर्खियों में है। यहां लगभग चार वर्ष पूर्व मनरेगा योजना के तहत पशुशेडध्बकरी शेड के नाम पर हुए सरकारी धन के काफी मात्रा में बंदरबांट का मामला तूल पकड़ रहा है। जिसके संबंध में ग्रामीणों की शिकायत पर जांच करने पहुंची उच्चाधिकारियों की टीम को देख भ्रष्टाचारियों के पसीने छूटने लगे। मामला विकास खंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत पहाड़ापुर से जुड़ा है, जहां पशुशेडध्बकरी शेड के नाम पर जमकर शासकीय धन का दुरुपयोग का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर जब उपायुक्त मनरेगा व बीडीओ की टीम प्रकरण की जांच करने पहाड़ापुर गांव पहुंची तो भ्रष्टाचारियों के पसीने छूटने लगे। आपको बता दें कि चार वर्ष पूर्व पशु शेड के नाम पर भुगतान तो हो गया था परन्तु मौके पर पशुशेड का निर्माण नही किया गया था। जांच की भनक लगते ही भ्रष्टाचारियों ने रातों–रात निर्माण कार्य शुरू कर दिया।अधिकारियों ने पशुशेड लाभार्थियों के घर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया जहां कई लाभार्थियों के पास पशुशेड का नामो निशान नही मिला और कुछ जगहों पर नींव के पास ईंटे पड़ी रही। उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

गोंडा।शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है ,शिक्षक अपने जीवन में कभी सेवा निवृत्त नही होता है क्योंकि शिक्षक ही है जो जीवन पर्यंत शिक्षा का प्रकाश समाज में फैलाता रहता है। गांधी पार्क टाउन हाल में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ गोंडा द्वारा सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह 2022 का आयोजन किया गया।जिसमे विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी रहे।बेसिक शिक्षा अधिकारी,वित्त एवम् लेखा बेसिक शिक्षा, डा विनय मोहन वन सहायक शिक्षा निदेशक देवी पाटन मंडल और प्राचार्य जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान के अलावा अन्य गणमान्य और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।इस अवसर पर सेवा निवृत्त अध्यापकों को तिलक लगा कर उन्हे माला और शाल पहनाकर स्वागत किया गया।बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा की शिक्षक की भूमिका हमारे समाज में सबसे अधिक होती है कोविड के दौरान जो बच्चो का नुकसान हुआ है उस नुकसान की क्षति पूर्ति की अपील बी एस ए के द्वारा शिक्षकों से किया गया।इस अवसर पर बेसिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय सुभाष वर्मा पुत्र मनीराम वर्मा निवासी माधवपुर थाना पूराकलंदर अयोध्या दोपहर लगभग 2:00 बजे ट्रैक्टर लेकर बीकापुर की तरफ से अपने घर आ रहे थे। तभी अचानक आए एक पशु को बचाने में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। घायल सुभाष वर्मा को भाई विकास वर्मा ने 3:10 पर जिला चिकित्सालय पहुंचाया। इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉ आशीष पाठक ने सुभाष वर्मा को मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया। फार्मेसिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने पोस्टमार्टम कराने को पुलिस मेमो बनाकर कोतवाली नगर भेजवाया।

# अग्नि पीड़ितों को समाजसेवी ने दी राहत सामग्री

अयोध्या। विधानसभा क्षेत्र अयोध्या की ग्राम सभा रामपुरवारी में यादव और निषाद बिरादरी की व मिल्कीपुर विधानसभा अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा जगदीशपुर में 6 दलित व ईट गांव में 14 दलित परिवारों की गत दिन गृहस्थी आग से जलकर राख हो गई। समाजसेवी राजन पांडेय ने सभी 33 पीड़ित परिवारों को मदद पहुचाने के लिए अपने बेटे जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडे को भेजा। अंकित ने सभी पीड़ित परिवारों को त्वरित सहायता के तौर पर 500 रुपये नकद व दरी तथा चद्दर वितरित किया। समाजसेवी पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति में खुद जानकारी दी। कहा कि मेरा परिवार हमेशा पीड़ितों के साथ खड़ा है बस आप सब का आशीर्वाद चाहिए।

# जहां जहां जा रहे महापौर खुल रही साफ सफाई की पोल

अयोध्या। नगर निगम अयोध्या क्षेत्र के वार्डों में साफ सफाई व नागरिक सुविधाएं जानने पहुंच रहे महापौर ऋषिकेश उपाध्याय का सामना अव्यवस्थाओं से हो रहा है। 60 दिवसीय इस अभियान के तहत नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के काफिले के साथ लक्ष्मण घाट वार्ड के मोहल्ले एवं गलियों में जनसमस्याओं को देखा। निरीक्षण के दौरान काफी जगहों पर नालियों की साफ–सफाई की व्यवस्था उचित न मिलने पर अधिकारियों व कर्मचारियों को उसकी जवाबदेही तय करने को कहा गया। जहां नालियां खुली थीं वहां पटिया रखने और बेहतर साफ सफाई करने के सख्त आदेश दिए गए। महापौर उपाध्याय ने कहा कि खुली नालियों को ढक कर रखा जाए और उसकी साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कहा कि पावन नगरी अयोध्या को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए हम यहां के सभी नागरिकों का सहयोग चाहते हैं। इस दौरान पार्षद आलोक मिश्रा, नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 'पुलिस ने केन्टर से 16 गोवंशों को बरामद कर दो तस्करों को किया गिरफ्तार'

फिरोजाबाद। जनपद की थाना नगला खंगर पुलिस ने एक केंटर से 16 गौवंश बरामद कर किये है साथ ही दो तस्कर भी पकड़े गए है एसएसपी के मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगला खंगर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह मय हमराह फोर्स के एक्सप्रेस वे पर चौकिंग कर रहे थे इसी दौरान दो अभियुक्त यूनिस पुत्र उमरदीन निवासी ईदगाह माता कालौनी थाना व जिला बागपत,.सरफराज पुत्र मन्नू निवासी काजीवाडा आजाद चौक थाना कोतवाली जिला शामली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 गाय , 04 बछडे व एक गाड़ी आइसर केन्टर नं0 न्च12 ।ज 2262 बरामद की है

# चमनगंज धर्म कांटा पर ट्रकों से हुई लूट

मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बारुन बाजार अंतर्गत चमनगंज बाजार के करीब स्थित धर्म कांटे पर ट्रकों से हुई लूटपाट की घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घुमंतू बंजारा जाति के लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया है। लुटेरों ने पीछा कर रहे दो स्थानीय युवकों को चाकू मार कर घायल कर दिया है। वारदात में घायल स्थानीय धर्मकांटा के कर्मचारी राजेश कुमार पुत्र रामलौट एवं ट्रक ड्राइवर रामकरन ने बताया कि लुटेरों ने बीते 27–28 अप्रैल की रात करीब 2:30 बजे धर्मकांटा के सामने खड़े ट्रक यूपी 42 टी 0128 को निशाना बताते हुए उससे 9 हजार लूट लिया।इसके बाद लुटेरे 200 मीटर दूर खड़े दूसरे ट्रक को लूटने के लिए चले गए। लूट के तुरंत बाद ड्राइवर रामकरन ने पास स्थिति फैजाबाद धर्मकांटा पर सो रहे कर्मी राजेश कुमार तथा पड़ोसी मिश्रा जनरल स्टोर के संचालक रंजीत मिश्रा पुत्र राज नारायण मिश्रा समेत आसपास के अन्य लोगों को जगाया। चार–पांच की संख्या में स्थानीय लोगों के इकट्ठा होने पर सभी ने लुटेरों का पीछा किया तो दूसरे ट्रक को छोड़कर लुटेरे थोड़ी दूर स्थिति बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे स्थित जंगल की ओर भाग निकले। जहां ग्रामीणों ने उन्हें उत्तर व पूरब की ओर से घेर लिया।

ग्रामीणों एवं लुटेरों के बीच लगभग 1 घंटे लुका छिपी का खेल चलता रहा। रात्रि करीब 3:30 बजे के आसपास अपने को चारों तरफ से घिरता देख लुटेरे हमलावर हो गए और सबसे पहले घेराबंदी कर रहे धर्मकांटा कर्मी राजेश कुमार को चाकू मारा। जिसमें चाकू राजेश के सिर व हाथ पर पर लगा फिर उसके बाद दूसरे दिशा से घेराबंदी कर रहे रंजीत मिश्रा को लुटेरे युवक ने पेट में चाकू मार दिया। परंतु घायल रंजीत मिश्रा ने जाबाजी दिखाते हुए एक लुटेरे को दबोच लिया। इसी बीच लुटेरे के अन्य दोनों साथी रंजीत मिश्रा को घसीटते हुए तालाब में खींच ले गए उसे पानी में डुबोने लगे। परंतु ज्यादा संख्या में ग्रामीणों के पहुंचने पर दो लुटेरे भागने में कामयाब रहे। एक लुटेरा युवक ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। हत्थे चढ़े लुटेरे युवक की ग्रामीणों ने जमकर धुलई की। इसके बाद पकड़ गए लुटेरे युवक ग्रामीणों ने मौके पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिसिया पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवक ने अपना नाम जानी उर्फ प्यारे पुत्र छिल्ला निवासी एनौरा चिज्जी वर्धा थाना

हेगडहर प्रांत महाराष्ट्र बताया है। लुटेरे की निशानदेही पर पुलिस ने छापा मारकर उसके डेरे पर मौजूद अन्य सदस्यों को हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि लुटेरे गिरोह सहित दो दिन पूर्व से बीते 26 अप्रैल को दोपहर में चमनगंज के निकट कर्मडांडा में ठहरे हुए थे। पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में भर्ती कराया। जहां घायल धर्मकांटा कर्मी राजेश कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि लुटेरे युवकों द्वारा चाकू मारे जाने से घायल जनरल स्टोर संचालक रंजीत मिश्रा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

लूट की घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए लुटेरे युवक पर भी इनायत नगर पुलिस मेहरबान हो गई और लूट की इतनी बड़ी वारदात को मात्र चोरी में दर्ज कर मामले को रफा–दफा कर दिया है। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक रामकरण की तहरीर पर पकड़े गए युवक सहित दो अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 324, 307 एवं 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया है।

# एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर अभियान की होगी शुरुआत

## 1 मई से 31 मई तक गर्भवती धात्री महिलाओं की सेहत सुरक्षा के लिए चलाया जायेगा अभियान

अयोध्या। जनपद में 1 मई से 31 मई तक गर्भवती धात्री महिलाओं की सेहत सुरक्षा के लिए "एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर" अभियान चलाया जाएगा । इसके तहत गर्भवती महिलाओं को दवा वितरित की जायेगीप् अभियान के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाओं को आयरन, कैल्शियम अल्बेंडाजोल व फॉलिक एसिड की गोलियों को शत–प्रतिशत पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि अभियान के दौरान जिले के शत–प्रतिशत महिलाओं को दवा पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया जाएगा। इसके लिए सभी को पूर्व में प्रशिक्षित किया जा चुका है। अभियान में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार लाने की एक अनूठी पहल की जा रही है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी परिवार कल्याण डॉ आरके सक्सेना ने बताया अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को दवा वितरित की जा रही है। 30 अप्रैल तक ब्लॉक स्तरीय अभिमुखीकरण के तहत आशा–आंगनबाड़ी को प्रशिक्षण दिया जाएगा । जिला कार्यक्रम प्रबंधक राम प्रकाश पटेल ने बताया कि अभियान एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर प्रत्येक लाभार्थी तक गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के साथ–साथ इनके सेवन हेतु जागरूकता भी प्रदान की जाएगी एवं पोषण संबंधी जानकारी दी जाएगी । 1 मई को जिले में अभियान की शुरुआत की जाएगी 24 मई तक समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों की ओपीडी, मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, पीएमएसएमए दिवस पर वीएचएसएनडी सत्रों के माध्यम से जन जागरूकता एवं आयरन कैल्शियम फॉलिक एसिड की गोलियों के वितरण के साथ–साथ समग्र स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

गर्भावस्था व प्रसव उपरान्त महिलाओं को बेहतर पोषण की आवश्यकता होती है, सूक्ष्म पोषक तत्व फॉलिक एसिड ,आयरन फोलिक एसिड व कैल्शियम की गोलियां प्रत्येक गर्भवती व धात्री महिलाओं को दी जाती है जिससे शिशु वहां का स्वास्थ्य उत्तम रहे एवं इन तत्वों की कमी से होने वाली बीमारियों से मां और शिशु को बचाया जा सके। जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर अभियान के तहत सभी चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम , बीसीपीएम एवं एचईओ तथा शहरी क्षेत्र के नोडल अधिकारी एवं यूएचसी का दिनांक 27 अप्रैल को अभिमुखीकरण किया जा चुका है, उक्त प्रशिक्षकों द्वारा एएनएन, आशा संगिनी इत्यादि का प्रशिक्षण 28 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच सीएचसी पर किया जाएगा । इस बैठक में गर्भवती व धात्री महिलाओं को आयरन कैल्शियम एल्बेंडाजोल एवं फॉलिक एसिड के सेवन हेतु व्याप्त नकारात्मक के निराकरण विषय पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 25 मई से 31 मई तक अप मॉपअप राउंड सप्ताह में क्षेत्र की छूटी हुई गर्भवती धात्री महिलाओं को औषधि के साथ अन्य सेवाएं दी जाएंगी।

# पैदल गस्त करा, दिलाया सुरक्षा का अहसास, दिए आवश्यक निर्देश: एएसपी रावत

## इटवा में पैदल गस्त व थाने में अभिलेखों का निरीक्षण करते एएसपी सुरेश चन्द्र रावत





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र इटवा के कस्बा इटवा में पुलिस बल के साथ फूट पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान एएसपी सुरेश चन्द्र रावत के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की तलाशी ली गई। व्यापारियों से वार्ता करते हुए उनके प्रतिष्ठान के बाहर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे सड़क को कवर करते हुए लगवाने हेतु अनुरोध किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा इटवा चौराहे पर चार उच्च कोटी के कैमरें लगाए गए हैं इन्हें सतत सक्रिय रखा जाए। इटवा चौराहे के चौड़ीकरण तथा चौराहे पर लेफ्ट टर्निंग फ्री बनाए जाने हेतु तथा भारी वाहनों के कस्बे से बाहर बाहर डायवर्जन की संभावनाएं तलाश किए जाने हेतु जिलाधिकारी को उचित माध्यम से पत्र भेजने हेतु प्रभारी निरीक्षक इटवा को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी इटवा रमेश चंद्र पांडे तथा प्रभारी निरीक्षक इटवा बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। इसके पूर्व थाना इटवा पर गोल्हौरा मिश्रौलिया और इटवा थाना के उप निरीक्षकों की गोष्ठी कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित विवेचना का निस्तारण 10 दिवस में किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# बीएसए द्वारा विभिन्न विद्यालयों का किया गया औचक निरीक्षण

संत कबीर नगर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों का आज प्रातः 8 बजे से औचक निरीक्षण कर जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट विद्यालय बखिरा, कम्पोजिट मॉडल विद्यालय जमोहरा मेंहदावल, प्रा0वि0 सरफरा, कम्पोजिट विद्यालय मधईपुर, प्रा0वि0 कुसौना कला, कम्पोजिट विद्यालय डुमरियाबाबू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट विद्यालय मधईपुर में सत्यप्रकाश सहायक अध्यापक को अनुपस्थित पाया गया इनका एक दिन का वेतन रोक दिया गया है। कम्पोजिट विद्यालय जमोहरा द्वारा सेवित क्षेत्र जमोहरा ग्राम का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक संजय गांधी तथा सहायक अध्यापकों के साथ हाउस होल्ड सर्वे किया गया। जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा हरिकेश, पूर्णिमा, अंशिका, अंकुश तथा खुशी जयसवाल नाम के पांच बच्चों का नामांकन मॉडल विद्यालय जमोहरा में किया गया है। हाउस होल्ड सर्वे के दौरान सम्बन्धित ग्राम सभा के अभिभावकों को शिक्षा के महत्व तथा बालको के शिक्षा के अधिकार के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी।स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों में छात्र नामांकन शत–प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए ब्लाक संसाधन केन्द्र मेंहदावल में प्रधानाध्यापको तथा प्रभारी प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की गयी, जिसमें शिक्षक संकुल के सदस्यों सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी मेंहदावल अर्जुन प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे। इसी क्रम में ब्लाक सांथा तथा खलीलाबाद के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यपकों व प्रभारी प्रधानाध्यापकों की गूगल मीट पर वर्चुअल बैठक की गयी तथा निर्देशित किया गया कि स्कूल चलों अभियान के अन्तर्गत छात्रों का शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराया जाय। इस वर्चुअल बैठक में सांथा की खण्ड शिक्षा अधिकारी गीतांजली तथा खलीलाबाद के प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा समस्त प्रधानाध्यापकोंध्प्रभारी प्रधानाध्यपकों के साथ उपस्थित रहे

## परसा चौराहे से मोटरसाईकिल चोरी पुलिस ने लिखा मुकदमा

बस्ती। पैकोलिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत परसा चौराहे से एक प्लैटिना मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। परमात्मा प्रसाद पुत्र दयाराम निवासी छपिया ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि मैंने अपनी प्लैटिना मोटर साईकिल 28 अप्रैल की शाम लगभग साढ़े सात बजे परसा चौराहे पर खड़ी कर दी और सामान खरीदने चला गया। जब सामान खरीदने के बाद वापस आया तो देखा कि जहाँ मोटर साईकिल खड़ी की थी मौके पर वहाँ मौजूद नहीं मिली। बहुत खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चला मेरी मोटर साईकिल को कोई अग्यात चोर चुरा ले गया। थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश पांडेय ने इस संबंध में बताया कि तहरीर के आधार पर अग्यात चोर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# लेखपालों के समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा: ब्रजेश श्रीवास्तव





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रदेश के लेखपालों के समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। उक्त विचार लेखलाल संघ के प्रदेश महामंत्री ब्रजेश श्रीवास्तव ने कही उन्हों ने कहा समस्याओं के समाधान के लिए लेखलाल संघ शासन एवं राजस्व परिषद से हमेशा सम्पर्क में है। वह जनपद में अपने निजी कार्य हेतु आये थे तहसील नौगढ़ के सभागार में लेखपालों ने उनका स्वागत किया। लेखपालों को संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि अभी प्रदेश में 1300 लेखपालों की प्रोन्नति राजस्व निरीक्षक पद पर हुई है और जून माह में 2000 लेखपालों की डीपीसी से माध्यम से प्रोन्नति होगी। श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द ही मण्डलीय स्थानांतरण होगा जिससे पाँच सौ छः सौ किलोमीटर दूर अधिकांश लेखलाल अपने घरो के पास होंगे। इस अवसर पर उनके साथ आये प्रान्तीय सह सचिव धनंजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रान्तीय टीम लेखपालों की समस्याओं को लेकर दिन रात लगी है। इस अवसर पर रामकरन गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, रामकुमार, अरुण श्रीवास्तव, रमेश गुप्ता, राम शंकर यादव, सुबोध गुप्ता, अनूप यादव, अजीत गुप्ता, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## बीस वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला शव

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव के भटपुरवा पुरवें में यूकेलिप्टस बाग में एक 20 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ शव मिला है। सूचना पर पहुंचे परिजन नीचे उतार पुलिस को सूचना दी वहीं घटना की सूचना पर दुबौलिया पुलिस ने पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राम जानकी मार्ग पर स्थित भटपुरवा गांव निवासी बदरे आलम (20) पुत्र कासिम सुबह छः बजे के करीब नित्यक्रिया के लिए निकला था लेकिन कुछ देर तक न आने पर परिजन खोजने निकले तो देखा गांव के एक ब्यक्ति के यूकेलिप्टस के बाग में रेशम के रस्सी के सहारे बदरे आलम लटक रहा था,आननफानन में परिजन नीचें उतारे लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पिता कासिम ने बताया की बदरे आलम सेंटरिंग का कार्य करता था,उसकी शादी अभी तक नहीं हुई थी। मौके पर पहुंचे एसआई ओम प्रकाश मिश्रा ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया की प्रथमदृष्टया आत्महत्या ही लग रहा है बाकी पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## जिला प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे सत्र में बतौर वक्ता पधारे भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री,

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। लोकसभा से सांसद हरीश द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को अनुशासन व एकाग्रता की अ ि त आवश्यकता है। 2014 में लगभग 35 वर्षों के बाद





केंद्र में पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार बनी थी, यह सरकार अंत्योदय के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही। गरीबों के कल्याण के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य शिक्षा सभी क्षेत्रों में कार्य किया। आयुष्मान योजना, जनधन खाता योजना, कोरोना काल से लेकर अब तक मुफ्त राशन योजना, धारा 370 हटा, भव्य राम मंदिर का निर्माण प्रारंभ, रक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आदि क्षेत्रों में 2014 के केंद्र सरकार बनने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने के लिए अनवरत प्रयत्नशील है इस दौरान उपस्थित अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल, विधानपरिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, सांसद जगदंबिका पाल, पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी जिलाध्यक्ष गोविन्द माधव विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी, पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार कुंवर, लालजी त्रिपाठी, बृजबिहारी मिश्र, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, अर्चिष्मान मिश्र गौरव मिश्र, नीरज त्रिपाठी कुलदीप यादव विजय कांत चतुर्वेदी विकास पांडे कन्हैया पासवान विपिन सिंह मधुसूदन अग्रहरि अजय उपाध्याय मीडिया प्रभारी आशीष शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# अमन व शांति के लिए मस्जिदों में पढ़ी गई अलविदा की नमाज

बस्ती। पवित्र माहे रमजान के अंतिम शुक्रवार यानी अलविदा की नमाज अकीदतमंदों ने क्षेत्र के मस्जिदों में अदा किया और रब की बारगाह में देश की अमनो सुकून और भाईचारगी कायम रहने की दुआ मांगी। अलविदा की नमाज के दौरान लालगंज पुलिस थानाक्षेत्र के मस्जिदों पर मुस्तैद रही। अलविदा की नमाज पढ़ने के साथ ही पवित्र रमजान महीने के अंतिम जुमा समाप्त होने का अफसोस भी तमाम नमाजियों के दिलों में रहा। उनका कहना है कि आने वाले साल में अलविदा की नमाज वही शख्स अदा कर पाएगा जो इस दुनियां में जिंदा बचा रहेगा। अलविदा शब्द का अर्थ विदा होने से है। मुफ्ती मोहम्मद शहरे आलम ने बताया कि अलविदा का मतलब विदाई है यानी आज इस मुबारक व बाबरकत रमजान महीने का अंतिम जुमा है जिसे हम तमामी मुसलमानों ने मस्जिदों में जाकर अकीदत व मोहब्बत के साथ अदा किया। उन्होंने यह भी बताया कि अलविदा की नमाज में पढ़ा जाने वाला खुतबा हर जुमे की नमाज में पढ़े जाने वाले खुतबे से अलग है। इस दिन खुतबे में अलविदाओ अलविदाओ या शहरे रमजान पढ़ा जाता है जिसका अर्थ होता कि रमजान का महीना रुख्सत हो रहा है।क्षेत्र के बनकटीकस्बा,महथा, खिरहुआ,बजहा, डवहारी, नेवारी,जयविजय,मथौली आदि गाँव के मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई।

## शिक्षा गौरव सम्मान से सम्मानित किए गए स्कूल प्रबंधक

बस्ती। राष्ट्रीय शिक्षा गौरव सम्मान से सम्मानित किए गए, भावुक,शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों ,उपलब्धियों, अविस्मरणीय योगदान के लिए वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रसिद्ध शिक्षक सूर्या पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक सूर्य नारायण उपाध्याय भावुक को मुख्य विकास अधिकारी बस्ती डॉ राजेश कुमार प्रजापति व डॉक्टर श्रेया प्रजापति निदेशक रिदम अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय मासिक पत्रिका शब्द सुमन के स्थापना दिवस पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य योगदान के लिए लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय कवि रामकृष्ण लाल जगमग , डॉक्टर सत्यव्रत पांडे, विनोद कुमार उपाध्याय, डॉक्टर पंकज सोनी, सत्येंद्र नाथ मतवाला, डॉ अजय श्रीवास्तव अश्क, त्रिभुवन प्रसाद मिश्र जैसे अनेकों लोग उपस्थित रहे

# बाढ़ मुक्त चिल्लूपार बनाने हेतु विधायक ने जल शक्ति मंत्री को सौंपी कार्य योजना

बड़हलगंज। चिल्लूपार के कछाराचंल को बाढ़ से स्थाई रूप से मुक्ति दिलाने के लिए चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात कर पत्रक सौंपा। चिल्लूपार विधायक ने जल शक्ति मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया कि चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के बड़हलगंज के कछाराचंल में आछीडीह तक सिंचाई विभाग का बांध बना हुआ है। परंतु आछीडीह से सरया तक बांध न होने से राप्ती का पानी तरैना और तलभगना नाला होते कछार के पचासो गांवों को डूबो देता है और बाढ़ खत्म होने के बाद भी वहां पानी हमेशा बना रहता है। इसके लिए 2010 से ही हम प्रयासरत रहे और वह कार्ययोजना 2018 में स्वीकृत भी हो गयी। जिसमें 5 किमी तटबंध और दो बड़े रेगुलेटर का प्रावधान था लेकिन वह परियोजना अधूरी थी। उस पर एक पम्प हाउस का प्रावधान न होने से किसानों को स्थाई लाभ नहीं मिल पाता। अतः अब नई परियोजना स्वीकृत हो जिसमें तटबंध और दो बड़े रेगुलेटर के साथ पम्प हाउस की भी सुविधा से हो ताकि बाढ़ का पानी गांवों और फसलो को न डुबो पाये और बाढ़ के बाद बरसात और बाढ का बचा हुआ पानी पम्प हाउस जरिए वापस राप्ती नदी में फेंक दिया जाये। जिससे जल जमाव से बिमारी नहीं फैलेगी और किसान सभी तरह की फसलें भी उगा सकेंगे। विधायक ने जल शक्ति मंत्री का ध्यान एक और समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि राम जानकी मार्ग खडेघ्सरी से डेरवा तक विभिन्न योजनाओं की मदद से एक तटबंध बना है तथा 200 करोड़ की लागत से बने शहीद राजा हरिप्रसाद मल्ल राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल के पीछे मनरेगा से एक बांध बना है और बगल में सिचाई विभाग पार्को पाइन सिस्टम लगा कर सरयू की धारा मोड़ने का कार्य कर रहा है। खडेघ्सरी – डेरवा बांध और मेडिकल कालेज रिंग बांध को सिंचाई विभाग अपने अधिनियम लेने की सिफारिश की है ताकि इन बांधों का स्थाई बचाव हो और गांव और मेडिकल कालेज सहित राम जानकी मार्ग सुरक्षित रह सके। इसके अलावा सरयू नदी से बगहा और डेरवा व बल्थर के बीच हो रहे तेज कटान को रोकने के लिए जी आई बैग या बोल्डर पिंचिग कराने की मांग कि ताकि हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि को बचाया जा सके।



एक अन्य मांग पत्र में बारानगर से ऊंचगाव के बीच में सरयू नहर के पूरब वाले स्लोप पर पक्की दीवाल बनाने की मांग की है ताकि हर साल नहर टूटने से किसानों की फसल बर्बादी को रोका जा सके। जल शक्ति मंत्री ने आश्वासन की शीघ्र ही मुख्य अभियंता सिंचाई आपके साथ बैठक कर इन पर परियोजना की रूप रेखा तय करेंगे ताकि आपकी विधानसभा को बाढ़ की परेशानी से शीघ्र मुक्ति दिलाई जा सके।

## सम्पादकीय

**जाहिर है कि उन्होंने भी रिश्वत खाई होगी। उन अफसरों के खिलाफ पुलिस ने रपट लिख ली है और केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जांच शुरु कर दी है। उप–राज्यपाल मनोज सिंहा ने पर्याप्त सख्ती और मुस्तैदी दिखाई, वरना जम्मू–कश्मीर को भारी नुकसान भुगतना पड़ता। भ्रष्टाचारी व्यवसायी ...**

# राज्यपाल मलिक की हिम्मत



जम्मू–कश्मीर के राज्यपाल के तौर पर सतपाल मलिक ने जो अद्भुत काम किया है, मेरी स्मृति में इतना साहसिक कार्य किसी अन्य राज्यपाल ने भारत में पहले कभी नहीं किया। उन्होंने 300 करोड़ रु. की रिश्वत को ठोकर मार दी। यदि वे उन दो फाइलों पर अपनी स्वीकृति के दस्तखत भर कर देते तो अनिल अंबानी की एक कंपनी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता उन्हें 300 करोड़ रु. आसानी से दिलवा देते। जब मलिक ने छह–सात माह पहले इस प्रकरण को सार्वजनिक जिक्र किया तो मुझे एकाएक विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि आरएसएस के कार्यकर्त्ता इस तरह के अनुचित कार्यों से प्रायरू दूर ही रहते हैं। उनके और मेरे कुछ मित्रों ने कहा कि उन्हें पहले कश्मीर से गोवा और फिर वहां से मेघालय भेज दिया गया तो वे बस इस तबादले पर अपनी नाराजी निकाल रहे हैं लेकिन मैं सतपाल मलिक को उनके छात्र–काल से जैसा जानता हूं, मुझे लगता था कि उनके जैसा सत्यनिष्ठ और निर्भीक नेता ऐसे निराधार आरोप कैसे लगा सकता है। सतपाल मलिक की हिम्मत ने अब रंग दिखा दिया। जम्मू–कश्मीर के वर्तमान उप–राज्यपाल मनोज सिंह ने जो कि खुद मलिक की तरह लोकप्रिय छात्र–नेता रहे हैं, दोनों मामले सीबीआई को सौंप दिए हैं। जम्मू–कश्मीर में भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों की लंबी परंपरा है। जब शासन मुख्यमंत्रियों के हाथ में होता है तो वे बेलगाम होकर भ्रष्टाचार करते हैं। कश्मीर में भ्रष्टाचार का दूसरा नाम शिष्टाचार है। जिन दो मामलों की जांच चल रही है, उनमें एक जम्मू का कीरू हाइडल पॉवर प्रोजेक्ट है और दूसरा प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमे से संबंधित है। इन दोनों मामलों में जम्मू–कश्मीर के हजारों करोड़ रु. खपने थे। पहले तो इनके टेंडर जारी करने में घपले हुए और फिर जब टेंडर जारी किए गए तो उनमें कई शर्तो का पालन नहीं किया गया। अंबानी की कंपनी को 61 करोड़ रू. का अग्रिम भुगतान भी हो गया। लगभग 4 हजार करोड़ के दूसरे प्रोजेक्ट में भी पता नहीं कितना घपला होता। सरकारी अफसरों ने सारी अनियमितताओं की अनदेखी कर दी और टेंडर भी पास कर दिए। यदि राज्यपाल आपत्ति नहीं करते तो हमेशा की तरह सारा खेल आराम से चलता रहता लेकिन विभागीय जांच से पता चला कि इन दोनों कंपनियों को हरी झंडी दिखाने के काले काम में सरकार के ऊँचे अफसरों की भी मिलीभगत है। जाहिर है कि उन्होंने भी रिश्वत खाई होगी। उन अफसरों के खिलाफ पुलिस ने रपट लिख ली है और केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जांच शुरु कर दी है। उप–राज्यपाल मनोज सिंहा ने पर्याप्त सख्ती और मुस्तैदी दिखाई, वरना जम्मू–कश्मीर को भारी नुकसान भुगतना पड़ता। भ्रष्टाचारी व्यवसायी और अफसरों की तो जेबें भरतीं लेकिन कश्मीरी नौजवानों को रोजगार के नाम पर कोरा अंगूठा मिलता। यदि अन्य प्रदेशों के राज्यपाल भी ऐसी ही सतर्कता का परिचय दें तो भ्रष्टाचार पर थोड़ा–बहुत अंकुश जरुर लग सकता है।

# महंगाई का बड़ा पहलू

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद महंगाई का दोष इस युद्ध पर डाला जाने लगा। अमेरिका–यूरोप में अब महंगाई के लिए श्पुतिन इन्फ्लेशन्य शब्द काफी चर्चित है। लेकिन अब दो थिंक टैंक की रिपोर्टों से मौजूदा महंगाई के एक ऐसे पहलू पर रोशनी पड़ी है, जिसे अब तक मोटे तौर पर चर्चा से बाहर रखा गया है। महंगाई से सारी दुनिया परेशान है। इस बार खास बात यह है कि धनी देश भी इससे बचे नहीं हैं। ढाई महीने पहले तक महंगाई का दोष कोरोना महामारी के कारण बने हालात पर डाला जाता था। लॉकडाउन की वजह सप्लाई चेन में आई रुकावट को इसके लिए दोषी ठहराया जाता था। 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद दोष इस युद्ध पर डाला जाने लगा। अमेरिका और यूरोप में अब महंगाई के लिए श्पुतिन इन्फ्लेशन्य शब्द काफी चर्चित है। लेकिन अब अमेरिका के दो थिंक टैंक ने अपनी रिपोर्टों से मौजूदा महंगाई के एक ऐसे पहलू पर रोशनी डाली है, जिसे अब तक मोटे तौर पर चर्चा से बाहर रखा गया है। मसलन, एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 2020 की दूसरी तिमाही से 2021 की चौथी तिमाही तक बढ़ी महंगाई में कॉरपोरेट मुनाफे का हिस्सा 53.9 प्रतिशत रहा। इसमें उत्पादन में लगने वाली सामग्रियों की बढ़ी लागत का हिस्सा 38.3 फीसदी रहा। जबकि बढ़ी मजदूरी का हिस्सा सिर्फ 7.9 प्रतिशत रहा। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि कोरोना महामारी के काल में कॉरपोरेट मुनाफे में असाधारण वृद्धि हुई।

थिंक टैंक इकॉनमिक पॉलिसी इंस्टीट्यूट (ईपीआई) की इस रिपोर्ट के मुताबिक 1979 से 2019 तक मुद्रास्फीति दर बढने के पीछे कॉरपोरेट मुनाफे का हिस्सा औसतन 11.4 प्रतिशत ही रहा था। इस दौरान लेबर कॉस्ट का हिस्सा 61.8 प्रतिशत था। लेकिन कोरोना काल में ये ट्रेंड बिल्कुल पलट गया। इस रिपोर्ट से अलग हट कर देखें, तो ईपीआई के निष्कर्ष की पुष्टि पिछले दो साल में अरबपतियों के धन में हुई अकूत बढ़ोतरी से भी होती है। एक अन्य थिंक टैंक– एकाउंटेबल यूए– की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना काल में कंपनियों ने आम कर्मचारियों ने वेतन और भत्तों में भारी कटौती की। जबकि इसी दौरान सीईओ और अन्य प्रबंधकों के वेतन–भत्तों में भारी इजाफा किया गया। इससे कंपनियों के भीतर वेज गैप बहुत बढ़ गया है। दरअसल, यूक्रेन पर रूसी हमले के पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी देश में बढ़ रही महंगाई के लिए कई बार बड़ी कंपनियों के बढ़ते मुनाफे को जिम्मेदार ठहराया था। तब कॉरपोरेट सेक्टर की तरफ से उनकी कड़ी आलोचना की गई थी। इस बीच यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से महंगाई तो और भी तेजी से बढ़ी है, लेकिन श्कॉरपोरेट ग्रीड्य का मुद्दा दबा रहा है। लेकिन दोनों ताजा रिपोर्टों ने इस तरफ फिर विशेषज्ञों का ध्यान खींचा है।

# फिल्म इंडस्ट्री में हिंदी की जगह

**फिल्म इंडस्ट्री में तो यूं भी प्रांत, जाति, धर्म और नस्ल के बंधनों से ऊपर उठकर सागर की तरह हरेक लहर को अपनाया जाता है। फिर अजय देवगन को यह अनावश्यक प्रतिक्रिया नहीं देनी थी। वैसे कुछ वक्त पहले नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक साक्षात्कार में हिंदी फिल्मों की स्क्रिप्ट देवनागरी में न देकर रोमन में देने पर सवाल उठाया था। अजय देवगन चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राय दें कि उनका क्या खयाल है...**





देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कुछ दिनों पहले हिंदी में कामकाज करने पर बल दिया था, जिस पर बहुत से लोगों ने आपत्ति जतलाई थी। अब एक बार फिर हिंदी को लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा किया गया है। हिंदी फिल्मों के अभिनेता अजय देवगन ने दक्षिण भारतीय अभिनेता किच्चा सुदीप के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया कि, आपके अनुसार अगर हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा नहीं है तो आप अपनी मातृभाषा की फिल्मों को हिंदी में डब करके क्यों रिलीज करते हैं? हिंदी हमारी मातृभाषा और राष्ट्र भाषा थी, है और हमेशा रहेगी। जन गण मन। दरअसल किच्चा सुदीप ने एक साक्षात्कार में कहा था कि श्हिंदी अब कोई राष्ट्र भाषा नहीं है तो अब राष्ट्र भाषा कौन सी है? पैन इंडिया क्या है। क्योंकि हम साउथ से आते हैं तो हमें पैन इंडिया कह दिया जाता है। हिंदी को पैन इंडिया क्यों नहीं कहा जाता है? ये हमारी तमिल, तेलुगू, मलयालम फिल्में डब करते हैं। दक्षिण भारत की फिल्में वहां अच्छा कर रही हैं।श इस बयान में शायद हिंदी को राष्ट्र भाषा न कहना अजय देवगन को खटक गया और उन्होंने ऐसी प्रतिक्रिया दे दी। बहरहाल, इसके बाद किच्चा सुदीप ने भी स्पष्ट कर दिया कि शायद उन्होंने जिस संदर्भ में यह बात कही, वह सही तरीके से संप्रेषित नहीं हुई। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि उनका मकसद किसी को दुख पहुंचाना नहीं है। अपने एक ट्वीट में उन्होंने यह कहा कि उन्हें देश की हर भाषा से प्यार है। अजय देवगन को जवाब देते हुए किच्चा सुदीप ने यह ट्वीट भी किया कि श्आपने जो हिंदी में लिखा, मैं उसे समझ सकता हूं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम सभी हिंदी का सम्मान करते हैं, उससे प्रेम करते हैं और हमने इसे सीखा। कृपया बुरा न मानें... लेकिन मैं यह सोच रहा था कि अगर मैं अपनी प्रतिक्रिया कन्नड़ में लिखता तो इस पर क्या होता...!! क्या हमारा भी वास्ता भारत से नहीं है सर। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अजय देवगन और किच्चा सुदीप के बीच हुई यह बात उपलब्ध है, जिसके अंत में दोनों ही पक्षों ने एक–दूसरे के लिए सदाशयता दिखाते हुए बहस को खत्म कर दिया है। कलाकारों से इसी संवेदनशीलता और समझदारी की अपेक्षा रखी जाती है। वैसे दोनों ओर से किए गए ट्विट्स को पढ़कर यही समझ आता है कि एक ओर किच्चा सुदीप ने जहां सही अर्थों में कलाकार होने का परिचय दिया और सभी भाषाओं के सम्मान की बात कही, वहीं अजय देवगन इस मामले में भाषायी राजनीति का मोहरा बनते नजर आए। नामालूम उन्हें किनकी नजरों में अपने अंक बढ़वाने हैं या कि राष्ट्रवादी कलाकार होने का ठप्पा और गहरा करवाना है। लेकिन अगर राष्ट्रवाद उनके भीतर इतने गहरे तक पैठा है, तो फिर उन्हें पता होना चाहिए कि हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं है। आमतौर पर यह कह दिया जाता है कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, लेकिन संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाएं राजभाषा हैं और देश में कोई एक राष्ट्रभाषा नहीं है। भारत विविधताओं का देश है और यहां अनेक बोलियां और भाषाएं हैं। इस खूबसूरती में मेरी भाषा बनाम तेरी भाषा का विवाद कई बार उठ जाता है, लेकिन जब इसमें राजनीति आ जाती है तो इस विवाद को बढ़ते देर नहीं लगती। अतीत में भाषा के आधार पर देश में हिंसा भी हुई, राज्यों का गठन भी हुआ। शिक्षा का माध्यम क्या होना चाहिए, रोजगार के लिए कौन सी भाषा उपयुक्त है, भारतीय भाषाओं की तुलना में अंग्रेजी को इतना महत्व क्यों दिया जाता है। दक्षिण भारत के लोगों को हिंदी क्यों नहीं सीखनी चाहिए, उत्तरभारत के लोग दक्षिण भारत की भाषाओं से इतने अनजान क्यों रहते हैं। पूर्वोत्तर की भाषाओं को लेकर इतनी अनभिज्ञता, असहजता क्यों है, ऐसे कई सवाल समय–समय पर उठते रहते हैं। इनका कोई एक सर्वस्वीकृत जवाब अब तक नहीं मिल पाया है और जब तक भारत की विविधता कायम है, तब तक ये सवाल भी कायम रहेंगे। बशर्ते व्यापक और संवेदनशील नजरिए से इन सवालों के हल तलाशने की कोशिश हो, और इसमें क्षेत्रीय अस्मिता और राजनीति के क्षुद्र स्वार्थ दूर रख जाएं। तब जाकर भविष्य में जवाब मिलने की कोई सूरत बनेगी। और जब तक जवाब न मिले, तब तक हरेक भाषा को सम्मान देने और मुमकिन हो तो नयी भाषाओं को सीखने–समझने की कोशिश करनी चाहिए। इंसान बोली और भाषा के कारण ही बाकी जीवजगत से श्रेष्ठ है। हम मूक रहने की पीड़ा से बचे हुए हैं और अपने विचारों को व्यक्त करने की ताकत हमारे पास है। लेकिन भाषायी राजनीति के पचड़ों में फंसकर इस ताकत को नष्ट किया जा रहा है। फिल्म इंडस्ट्री ने भी मूक फिल्मों से लेकर सवाक फिल्मों का दौर देखा है और अब अनुवाद के कारण केवल प्रांतीय भाषाओं की ही नहीं, विदेशी भाषाओं की फिल्मों का आनंद दर्शक ले पाते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में तो यूं भी प्रांत, जाति, धर्म और नस्ल के बंधनों से ऊपर उठकर सागर की तरह हरेक लहर को अपनाया जाता है। फिर अजय देवगन को यह अनावश्यक प्रतिक्रिया नहीं देनी थी।

# क्या देश में पीके लहर है

**पीके जिसे चाहेंगे, जिताएंगे, जिसे चाहेंगे हराएंगे। और पीके भी तो महज एक नाम है, चेहरा है, क्या इस नाम और चेहरे के पीछे किसी अन्य की रणनीतियां काम कर रही हैं। भारतीय मतदाताओं को इस बारे में विचार करना चाहिए कि सवा सौ अरब की आबादी को अपने मुताबिक चला सके, इतनी ताकत किसी एक व्यक्ति में कैसे आ गई और वो भी उस व्यक्ति में जिसकी कोई राजनैतिक पृष्ठभूमि नहीं रही...**

कांग्रेस का आज जो भी हश्र है, लेकिन ये बात किसी के मिटाए से नहीं मिट सकती कि कांग्रेस महज एक राजनैतिक दल का नहीं विचारधारा का नाम है। गुलाम भारत में गठित कांग्रेस गुलामी और आजादी के विभिन्न पड़ावों को पार करते हुए बनी है, बढ़ी है, मजबूत हुई है, संगठित हुई है। कांग्रेस की असली ताकत इस देश की जनता रही है। प्रशांत किशोर ने कांग्रेस में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। बात बनते–बनते बिगड़ गई। कई बार चट मंगनी और पट ब्याह के उदाहरण देखने मिलते हैं, और ऐसे रिश्ते काफी फलते–फूलते भी हैं। लेकिन पीके और कांग्रेस के बीच तो देखने–दिखाने का दौर ही चलता रहा। बात पक्की होती, रिश्ता आगे बढ़ता, इससे पहले शर्तों और मांगों के कारण बात आगे नहीं बढ़ पाई। अच्छा है कि बाद में घर उजड़ता, उससे पहले गुण–दोष देख लिए गए। वैसे भी रिश्ते प्यार और भरोसे से चलते हैं, शर्तों से नहीं।

प्रशांत किशोर चतुर हैं, ये तो पिछले आठ सालों में कई बार जाहिर हो चुका है। उन्हें पता था कि जिस तरह बाकी दलों को उन्होंने अपनी तथाकथित रणनीतियों से चला लिया, उस तरह वो कांग्रेस को नहीं चला पाएंगे। इसलिए नेपोलियन बनने के मोह में पड़े बिना प्रशांत किशोर आए, उन्होंने देखा और अपने पैर पीछे खींच लिए। अब राजनैतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर और कांग्रेस के पनपते रिश्तों के बिखरने के पीछे कारणों को खंगालने में लगे हैं।

किसी का तर्क है कि तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आईपैक) के बीच करार के कारण कांग्रेस से पीके की बात नहीं बन पाई। तेलंगाना विधानसभा चुनावों में टीआरएस प्रशांत किशोर की आईपैक की सेवाएं लेगी, जबकि कांग्रेस टीआरएस के मुकाबिल खड़ी होगी। हालांकि पिछले साल ही प्रशांत किशोर ने आधिकारिक तौर पर खुद को इस कंपनी से अलग कर लिया था। लेकिन पिछले साल तो उन्होंने ये भी कहा था कि अब वे चुनावी रणनीतिकार का काम नहीं करेंगे। इसलिए इस बात का कोई अर्थ नहीं रह जाता कि पीके आईपैक से सीधे तौर पर जुड़े हैं या नहीं। वैसे भी अब चुनाव कोई धर्मयुद्ध की तरह तो लड़े नहीं जाते हैं, जहां भीष्म पितामह पांडवों को जीत का आशीर्वाद दें और खुद कौरवों की सेना संभालें। पीके और कांग्रेस के बीच करार न होने का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि वह काम करने की खुली छूट चाहते थे। यानी कांग्रेस के नेताओं का कोई हस्तक्षेप उनकी नीतियों और योजनाओं में न हो। क्योंकि इससे पहले 2017 के उत्तरप्रदेश चुनावों में जब कांग्रेस ने पीके की सेवाएं ली थीं, तब कांग्रेस को बुरी हार मिली थी और इसका कारण यही बताया गया कि पीके की कार्ययोजना को आधे–अधूरे ढंग से लागू किया गया। ऐसे में पीके और उनकी कंपनी पर ही हार का बट्टा लग गया। जबकि इससे पहले और इसके बाद, के चुनावों में पीके ने जिस पार्टी का साथ दिया, उसे जीत ही हासिल हुई है। उप्र चुनावों के नतीजों से यह निष्कर्ष भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस किसी बाहरी व्यक्ति के सहारे चुनाव लड़े, यह बात मतदाताओं को नागवार गुजरी और इसलिए उसे हार का जनादेश मिला। मगर न जाने क्यों कांग्रेस जलने के इस अनुभव के बाद भी फूंक–फूंक कर कदम नहीं रख रही है। पीके और कांग्रेस के बीच बात न बनने का एक अहम कारण और बताया जा रहा है और वो ये कि पीके राहुल गांधी को कांग्रेस में दरकिनार करना चाहते थे। वैसे भी उनकी मुलाकात सीधे सोनिया गांधी से हो रही थी और राहुल गांधी के बारे में अतीत में उन्होंने जो विचार व्यक्तकिए हैं, वो उत्साहजनक नहीं हैं। अब राहुल गांधी कांग्रेस में महज एक सदस्य के तौर पर रहें, या चुनावी रणनीतियों का हिस्सा न बनें या हाशिए पर रहकर मूकदर्शक बने रहें, यह तो हो नहीं सकता। पिछले कुछ सालों में राहुल गांधी ने ही कांग्रेस का मोर्चा संभाला हुआ है, फिर चाहे वह पद पर रहें हो या न रहे हों। उनके नेतृत्व में जीत भी मिली, हार भी मिली। लेकिन राहुल गांधी के हार वाले पक्ष की ही चर्चा अधिक हुई। और अब अगर पीके वाकई ये चाह रहे थे कि राहुल गांधी की जगह उन्हें तवज्जो मिले, तो फिर ये विचार का विषय है कि ये सब किसके इशारे पर और क्यों हो रहा है।

वैसे भी भारतीय राजनीति के आकाश में प्रशांत किशोर किसी धूमकेतू ही तरह ही प्रकट हुए हैं। इंजीनियरिंग और जनस्वास्थ्य में डिग्रियां लेने वाले प्रशांत किशोर ने संयुक्त राष्ट्र संघ में जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ के तौर पर काम किया, उनकी नियुक्ति आंध्र प्रदेश में हुई, फिर बिहार में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के लिए वे नियुक्त किए गए। उसके बाद संरा मुख्यालय में कुछ वक्त तक काम किया। फिर उन्हें अफ्रीकी देश चाड में डिवीजन हेड के रूप में भेजा गया। वहां उन्होंने 4 साल तक काम किया। उसके बाद उन्होंने भारत के समृद्ध उच्च विकास वाले राज्यों में कुपोषण पर एक शोधा पत्र लिखा। इसमें महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक राज्यों में कुपोषण की स्थिति पर लिखा। इन राज्यों में गुजरात सबसे नीचे था। बताया जाता है कि इसे पढ़कर गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रशांत किशोर को अपने साथ गुजरात के लिए काम करने को आमंत्रित किया। मई 2014 के आम चुनाव की तैयारी के लिए पीके ने एक मीडिया और प्रचार कंपनी, सिटीजन्स फॉर अकाउंटेबल गवर्नेंस का निर्माण किया। चाय पे चर्चा, 3 डी रैली, रन फॉर यूनिटी जैसे कार्यक्रम चुनाव प्रचार के लिए बनाए। और इस तरह मोदीजी को अच्छे दिनों का सूत्रधार बनाकर भाजपा को भारी बहुमत दिलाया। इसके बाद पंजाब में पीके कैप्टन अमरिंदर सिंह के सिपहसालार बने और दो बार तक लगातार सत्ता से बाहर रही कांग्रेस को जीत दिलाई। फिर आंध्रप्रदेश में वायएसआर कांग्रेस, बिहार में जदयू, प. बंगाल में टीएमसी, हर जगह प्रशांत किशोर का मिडास टच दिखाई देने लगा। तो क्या हर चमकती चीज को सोना ही मान लेना चाहिए। कम से कम भारत की राजनीति में तो इस वक्त यही नजर आ रहा है। पीके जिसके साथ हो जाएं, उसे जीत की गारंटी मिल जाती है। फिर क्यों 2014 के बाद से देश में मोदी लहर की बात हो रही है, ऐसा क्यों नहीं कहते कि पीके की लहर चल रही है। अगर देश की सबसे बड़ी पार्टी यानी बीजेपी से लेकर सबसे पुरानी पार्टी यानी कांग्रेस तक को चुनाव जीतने के लिए विचारधारा, नीतियों, प्रशासन, प्रबंधन, कार्यकर्ताओं और सबसे बढ़कर समर्थकों के बावजूद चुनावी रणनीतिकार की जरूरत पड़ रही है, तो फिर पीके के हाथ में ही लोकतांत्रिक राजनीति का बटन देने की औपचारिक घोषणा क्यों नहीं कर दी जाती। सभी दल अपनी बागडोर खुलकर पीके को देने का ऐलान कर दें और जनता को बता दें कि उनमें से किसी में अपने बूते चुनाव लड़ने की ईमानदार नीयत बाकी नहीं रह गई है।



## ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की कटौती से आमजन परेशान

बरहज। क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था लड़खड़ा गई है। नगर से लेकर गांव में विद्युत आपूर्ति का कोई मानक तय नहीं है। रोस्टर कंट्रोल रूम से निर्धारित हो रहा है। कभी रात में कभी दिन में आपूर्ति की जा रही है। इमरजेंसी विद्युत कटौती के चलते लोगों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। नगर क्षेत्र में नौ घंटे विद्युत कटौती की गई। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में भी 10 घंटे बिजली गुल रही। गांवों में फाल्ट की समस्या के चलते दिन की विद्युत आपूर्ति बाधित हो जा रही हैं। कुसुमहा गांव में दो दिन से जला ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका है। नगर क्षेत्र में कभी रात में कभी दिन में कंट्रोल रूम द्वारा रोस्टर तय कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इसका कोई समय निर्धारित नहीं है। नौ घंटे की कटौती की गई। नगर की टीस हजार की आबादी है। विद्युत समस्या को लेकर लोग पूर्व नपाध्यक्ष अजीत जायसवाल के साथ विद्युत उपकेंद्र पर अधिकारियों का घेराव कर चुके हैं। नगर क्षेत्र के जेई मनोज सान्याल ने बताया कि कभी रात तो कभी दिन का रोस्टर तय कर कंट्रोल रूम से विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

## ग्रामीण इलाकों में आठ घंटे मिल रही बिजली

रुद्रपुर। उमस भरी गर्मी में बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई है। पिछले एक पखवाड़े से यही हालत बनी हुई है। जिससे उपनगर की करीब छत्तीस हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। सीबीएसई बोर्ड व विश्वविद्यालय की परीक्षाएं चल रही हैं। जिसको लेकर परीक्षार्थी भी काफी परेशान हैं। यही हाल बाबा दुग्धेश्वरनाथ मंदिर फीडर, पचलड़ी, रनिहवां, मदनपुर, मठियां तिवारी सहित अन्य ग्रामीण स्थानों का है जहां ग्रामीण उपभोक्ताओं सात से आठ घंटे बिजली नसीब हो पा रही है। रात बेनिया के सहारे गुजर रही है। बिजली की आपूर्ति प्रभावित है। कंट्रोल से ही रोस्टिंग की जा रही है। लोग बिजली का कम इस्तेमाल करें, जब जरूरत हो तभी बिजली का प्रयोग करें। समय से बकाया बिल जमा करें। हरसंभव बिजली आपूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अधिशासी अभियंता का वेतन बाधित करने का निर्देश

देवरिया। शाम विकास भवन स्थित गांधी सभागार में उद्योग बंध की बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने औद्योगिक आस्थानों को आधारभूत सुविधाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में विद्युत वितरण खंड सलेमपुर के अधिशासी अभियंता वृजभान सिंह के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान डीएम सिंह ने पाया कि सड़क, नाली निर्माण की परियोजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इसको लेकर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कमल किशोर को चेतावनी देते हुए 15 जून तक हर हाल में कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। सलेमपुर औद्योगिक आस्थान में बिजली पोल लगाए जाने की प्रगति ठीक नहीं है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव, पूर्व विधायक रवींद्र प्रताप मल्ल, शक्ति गुप्ता, जेपी जायसवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अमृत सरोवर के रूप में विकसित होंगे 75 तालाब

महराजगंज। डीएम सत्येन्द्र कुमार ने सदर के पुरैना खंडी तथा फरेंदा के कमनहा–कानापार में तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव के तहत जिले में 75 तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए तालाबों को चिन्हित किया गया है। जहां पर इसकी भूमि पर अवैध अतिक्रमण हो, वहां नोटिस देकर खाली करवाएं। उन्होंने डीसी मनरेगा को मनरेगा के माध्यम से तालाबों का सुंदरीकरण करने और इसके आसपास मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। धानी संवाददाता के अनुसार डीएम ने कानापार स्थित बढुई ताल व ग्राम हथिगढवा के तालाब का भी निरीक्षण कर यथास्थिति जानी। इस योजना के तहत तालाबों के किनारे आम, जामुन, नीम, पीपल, बरगद के छायादार पेड़ों के पौधे लगाकर तालाब की सीढिघ्यां, इंटर लॉकिग टाइल्स, बेंच का निर्माण कराया जाएगा। डीएम ने कमनहा–कानापार तालाब पर मार्ग पर गंदगी देख नाराजगी व्यक्त की और सेक्रेटरी व सफाईकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्र का संपूर्ण सर्वे कर शौचालयों के निर्माण के संदर्भ में आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी फरेंदा दिनेश चंद मिश्रा, डीसी मनरेगा अनिल चौधरी, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, हल्का लेखपाल शेलेन्द्र सहानी, प्रदीप पांडेय सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## नेपाल में आर्थिक संकट, भारतीय बाजार पर असर

सोनौली। नेपाल सरकार इन दिनों आर्थिक तंगी से निजात पाने के लिए तरह–तरह के तरीके अपना रही है। सरकार ने नेपाल में जहां दो दिनों का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है, वहीं अब भारत से आने वाले 10 प्रकार के सामान के आयात पर नए नियम लागू कर दिए हैं। सरकार के इस फैसले से भारतीय बाजार पर भी असर पड़ेगा। अब नेपाल में रह रहे लोग लग्जरी जीवन यापन नहीं कर सकेंगे। नेपाल सरकार ने जो फैसले लिए हैं, उसमें दो अहम है, 250 सीसी से अधिक की मोटरसाइकिल अब नेपाल में नहीं जाएगी और करीब 48 हजार से अधिक के मोबाइल पर भी बैन लगा दिया गया है। नेपाल सरकार आर्थिक तंगी से निजात पाने के लिए अब आम लोगों से लग्जरी लाइफ स्टाइल त्याग करने की अपील कर रही है। नेपाल में बीते एक माह से बाजारों में भारी गिरावट आई है। यही वजह है कि अब नेपाल सरकार का अर्थ मंत्रालय लगातार इससे निपटने के लिए तरह– तरह के हथकंडे अपना रहा है। उधर नेपाल में रोक लगने के बाद सीमा से लगे भारतीय बाजारों में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। नेपाल के आम लोग रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय बाजारों में आते हैं, लेकिन नेपाल सरकार के इस फरमान के बाद अब भारतीय बाजारों में भी सन्नाटा छाने लगा है। नेपाल के रूपनदेही जिले के भैरहवा भंसार कार्यालय के कस्टम चीफ ज्ञानेंद्र राज ठकाल ने बताया कि नेपाल सरकार ने फैसला लिया है कि कार, जीप, मोटरसाइकिल, मोबाइल समेत 10 प्रकार के महंगे दामों वाली सामान की आयात न की जाए, जिससे नेपाल आर्थिक तंगी से जल्द से जल्द निजात पा सके।

## तपन बढ़ते कलेक्ट्रेट में गहराया पेयजल संकट

महराजगंज। तपन बढ़ने के साथ ही नागरिकों को पेयजल की किल्लत होने लगी है। जिला मुख्यालय पर पेयजल की व्यवस्था ठीक न होने से फरियादियों को शुद्ध जल के लिए भटकना पड़ता है। वहीं पानी के लिए उन्हें जेब भी ढीली करनी पड़ रही है। जिला मुख्यालय परिसर में जिलाधिकारी कार्यालय व विकास भवन के आसपास पेयजल के लिए पांच सरकारी हैंडपंप लगे हैं। इसके अलावा जलकल की टोंटियां भी हैं। इसमें से चार हैंडपंपों का पानी दूषित हो चुका है। पानी निकलने के एक घंटे बाद ही पीला हो जाता है। धरना स्थल स्थित एक मात्र सरकारी हैंडपंप का ही पानी पीने योग्य है। हैंडपंपों के अलावा विकास भवन, डीएम कार्यालय व ट्रेजरी पर जलकल की टोटियां भी खराब पड़ी हुई हैं, जहां से सप्लाई मिलने तक लगातार पानी गिरता रहता है। नगर पालिका की ओर से फरियादियों के लिए एक प्याऊ लगाया गया है, लेकिन उसका पानी गर्म होने से पीने योग्य नहीं रहता है, जिसके कारण लोगों को विवश होकर पानी खरीदना पड़ता है।

# बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान, जनरेटर उगल रहे प्रदूषण

देवरिया। गर्मी बढ़ते ही बिजली का संकट खड़ा हो गया है। कोयला की कमी के चलते विभाग बिजली उत्पादन प्रभावित होने का दावा कर रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति इन दिनों प्रभावित हो गई है। सबसे बदतर स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों की हो गई है। बमुश्किल आठ से नौ घंटे बिजली की आपूर्ति हो पा रही है। जिले की आबादी 35 लाख है, इसमें सवा चार लाख बिजली विभाग के उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं को बिजली देने के लिए 39 विद्युत उपकेंद्र हैं। तापमान बढ़ने के साथ ही बिजली कटौती भी शुरू हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रात में बिजली कटौती के चलते लोग रात जग कर बीता रहे हैं। तहसील मुख्यालयों की भी स्थिति ठीक नहीं है। यहां भी बमुश्किल 15 घंटे बिजली आपूर्ति मिल पा रही है। यहां 21 घंटे बिजली आपूर्ति करने का फरमान है। लोगों को आवश्यक कार्य निपटाने के लिए जनरेटर का सहारा लेना पड़ रहा है। जनरेटर चलने से लोगों की जहां ज्यादा जेबें ढीली हो रही हैं, वहीं जनरेटर से निकलने वाला धुंआ भी नुकसानदायक साबित हो रहा है।

रात भर गुल रही बिजली, परेशान रहे लोगः भाटपाररानी। प्रदेश सरकार का बिजली व्यवस्था ठीक करने का दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। हाल यह है कि इन दिनों बिजली कटौती से उपभोक्ता बेहाल हैं। भाटपाररानी के दक्षिणी फीडर से होने वाली विद्युत आपूर्ति पूरी रात ठप रही। जिससे लोग परेशान रहे। भाटपाररानी विद्युत उपकेंद्र से टाउन, खामपार, जसुई, सोहगरा व रामपुर फीडर को विद्युत आपूर्ति संचालित होती है। इन दिनों बिजली का कोई रोस्टर नहीं है। न तो बिजली के आने का कोई समय निर्धारित है और न ही जाने का। भीषण गर्मी में लोगों की मुसीबत बढ़ गई है। दिन तो लोग किसी तरह काट ले रहे है, लेकिन रात काटनी मुश्किल हो गई है। मुकेश पांडेय, सतीश पाठक, बच्चा यादव, कृष्ण बिहारी कुशवाहा, अनिल गुप्ता, गुरु पांडेय, अंजलि तिवारी आदि ने कहा कि विद्युत कटौती से जीना मुहाल हो गया है। गर्मी से मुसीबत और बढ़ गई है। जल्द ही इसमें सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्रीय जन के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। वहीं क्षेत्र के बनकटा अमेठिया में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर चार दिन से जला पड़ा है। शिकायत के बाद भी अब तक इसे बदला नहीं जा सका है। इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

# लापरवाही बरतने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि

देवरिया। विकास भवन के गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक रात हुई। डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की। कई योजनाओं में प्रगति खराब होने पर संबंधित को फटकार लगाई। इस दौरान सीएचसी में तैनात शिशु एवं बाल लोग विशेषज्ञ डा. नरेन्द्र मोहन की सेवा समाप्ति के लिए शासन में पत्र लिखने का निर्देश सीएमओ को दिया। डा. नरेन्द्र सीएचसी सलेमपुर में ज्वाइन करने के बाद से लंबे समय से गायब चल रहे हैं। डीएम ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए नाराजगी जताई। जननी सुरक्षा योजना में लापरवाही बरतने पर सीएचसी देसही देवरिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. ओपी सिंह को प्रतिकूल प्रविष्ट देने का निर्देश दिया।

पीएचसी मझगांवा में मात्र 46 प्रतिशत डाटा इंट्री होने के कारण डाटा इंट्री आपरेटर को नोटिस देकर सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया। कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही क्षम्य नहीं है। अस्पताल में आए रोगी का बेहतर ढंग से इलाज करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बीच पीएचसी मझगांवा में 102 एंबुलेंस के दस दिन तक कार्य नहीं करने पर डीएम ने ने सीएमओ को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि परिवार नियोजन, मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना समेत जितनी भी योजनाएं चल रही हैं। उसमें अधिक से अधिक पात्रों को योजनाओं का लाभ मिले और हमारी रैंकिग अच्छी रहे इसका ध्यान रखें। डाक्टर व कर्मचारी समय से ड्यूटी करें। लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यहां मुख्य रूप से सीडीओ रवीन्द्र कुमार, सीएमओ डा. आलोक पांडेय, एसीएओ डा. सुरेन्द्र सिंह, एसीएमओ डा. संजय चंद, एसीएमओ डा. राजेन्द्र प्रसाद, एसीएमओ डा. बीपी सिंह, एसीएमओ डा. राजेन्द्र चौधरी, पूनम, डा. राजेश गुप्ता, डा. इरशाद आलम आदि मौजूद रहे।

# संजय कुमार ब्लाक अध्यक्ष, अंजना सिंह उपाध्यक्ष निर्वाचित

पनियरा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की पनियरा ब्लाक इकाई का गठन एक मैरिज हाल में कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष संजय कुमार मौर्य, ब्लाक उपाध्यक्ष अंजना सिंह सहित छह पदाधिकारी चुने गए। चुनाव प्रक्रिया पर्यवेक्षक जेडी अंसारी व चुनाव अधिकारी लव कुमार वर्मा की देखरेख में पूरी हुई। चुनाव अधिकारी ने बताया कि ब्लाक अध्यक्ष, ब्लाक उपाध्यक्ष के अलावा संजय कुमार पासवान ब्लाक महामंत्री, रामनरायन ब्लाक कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए, जबकि श्रीकांत राय को संगठन मंत्री व महेंद्र चौहान को ब्लाक संरक्षक महासंघ की जिला कमेटी द्वारा मनोनीत किया गया। जिला संयोजक ऋषिकेश गुप्त ने पदाधिकारियों को संगठन के हित में काम करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को संगठित होना जरूरी है। शिक्षकों के हित के लिए संगठन कदम से कदम मिलाकर चलेगा। डा.वीरेंद्र त्रिपाठी, अजय पाल वर्मा, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अशोक चौरसिया, धर्मेंद्र पाल ,सत्येंद्र कुमार यादव ने भी संबोधित किया। का संचालन वरेश कुमार ने किया। इस अवसर पर संजय कुमार यादव, अरविद पांडेय, दिनेश कुमार यादव, सूरज ओझा, राजेश कुमार यादव, महेंद्र सिंह, रवि प्रताप, रामकिशन, यशोदा मौर्य, जया श्रीवास्तव, मीना सिंह,अंजू सिंह, संजय शुक्ला, रामजनम मिश्रा, बृजेश कुमार अरविद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# सौहार्द पूर्वक मनाएं त्योहार : डीएम

देवरिया। पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में ईद–उल–फितर, अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती को लेकर शांति कमेटी की बैठक हुई। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब के अनुरूप सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद अधिकांश धर्म स्थलों से स्वतरू लाउडस्पीकर हटा लेना कार्य अच्छा है। त्योहार को देखते हुए नगर निकाय एवं जिला पंचायत राज अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में आने वाले धर्म स्थलों की सफाई कराएं। ईद–उल–फितर को देखते हुए आवारा पशुओं को बाड़े में बंद करने के लिए कहा गया है। विद्युत विभाग त्योहार के दिन निर्बाधित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। विद्युत विभाग त्योहार के दिन लोकल फाल्ट और ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याओं को दुरुस्त करने के लिए कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाए। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से घृणित विचार को बढ़ाते हैं, ऐसे लोगों पर लगाम कसने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है। जनपदवासी अपनी गंगा–जमुनी तहजीब की साझी परंपरा के अनुरूप ही इस बार भी सभी त्योहार मिलजुलकर आपसी सौहार्द एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाएंगे। पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने कहा कि त्योहारों को देखते हुए पुलिस की चाक–चौबंद व्यवस्था की जा रही है। धर्मस्थलों के इर्द–गिर्द सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास शान्ति–व्यवस्था बिगाड़ने से जुड़ी कोई सूचना हो तो पुलिस के साथ साझा करें, उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक डा.राजेश कुमार सोनकर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, संजीव उपाध्याय, गजेंद्र सिंह, अरुण वर्मा समेत अन्य अधिकारी व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# दिलीप ब्लाक अध्यक्ष एवं मुकेश सिंह बने ब्लाक मंत्री

मिठौरा बाजार। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई मिठौरा के शिक्षक शिक्षिकाओं की बैठक प्राथमिक विद्यालय सिदुरिया प्रथम में हुई। बैठक में ब्लाक इकाई मिठौरा के निवर्तमान कार्य समिति को भंग करके निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। निर्वाचन अधिकारी शशिकेश तिवारी एवं पर्यवेक्षक राजेश धारिया रहे। दिलीप विश्वकर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। मंत्री पद के लिए नामांकन पत्र क्रमशरू मुकेश कुमार सिंह एवं विजय यादव ने दाखिल किया। किसी भी प्रत्याशी के नामांकन पत्र वापस न लेने के कारण मतदान हुई। जिसमें 294 शिक्षक शिक्षिकाओं ने मत का प्रयोग किया। मतगणना में मुकेश कुमार सिंह को 151 मत एवं विजय कुमार यादव को 142 मत मिले। एक वोट अमान्य रहा, जिसमें 9 मतों के अंतर से मुकेश कुमार सिंह को महामंत्री निर्वाचित किया गया। निर्वाचन के उपरांत अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव संजय कुमार मिश्रा, जिला अध्यक्ष बलराम निगम, ब्लाक अध्यक्ष निचलौल शशिकेश तिवारी, ब्लाक उपाध्यक्ष निचलौल राजकुमार पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष धानी विमलेश राय, राजेश धारिया, मुकेश सिंह, ब्लाक मंत्री निचलौल सुमित पटेल, उदय नारायण दुबे, ब्लाक अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ विद्यासागर पटेल, शैलेश शर्मा आदि पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# नगर पालिका गौरा बरहज का नये सिरे से होगा परिसीमन

देवरिया। विधानसभा चुनाव बीतने के बाद अब नगर निकाय चुनाव की तैयारी शासन स्तर से तेज कर दी गई है। नगर निकायों में वार्डों का परिसीमन अब शुरू हो गया है। जिले के गौरा बरहज नगर पालिका का सीमा विस्तार हुआ है, इसलिए यहां नये सिरे से वार्डों का परिसीमन शुरू कर दिया गया है। पांच मई तक परिसीमन तैयार कर इसकी रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करा देना है। परिसीमन का कार्य शुरू होते ही नगर निकायों में चुनावी गतिविधि बढ़ गई है और संभावित दावेदार दरवाजे–दरवाजे पहुंचने लगे हैं। नगर पालिका परिषद गौरा बरहज में सीमा विस्तार के बाद भी वार्डों की संख्या नहीं बढ़ेगी। शासन की आई गाइडलाइन के मुताबिक 50 हजार की आबादी पर 25 वार्ड निर्धारित है। बरहज नगर पालिका परिषद में पूर्व से ही 25 वार्ड है। जिस कारण आठ गांव के नगर सीमा में शामिल होने के बावजूद वार्डों की संख्या नहीं बढ़ेगी। नगरपालिका गौरा बरहज के सीमा विस्तार की पहल वर्ष 2018 में बोर्ड ने इसे पास कर किया था। 31 अगस्त 2020 में तत्कालीन जिलाधिकारी अमित किशोर ने शासन को पत्र लिखकर शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया था। रगरगंज, भड़सरा, लवरछी, मोहांव, उजरा मोहांव, पचौहां, लहछुआं, गौरा बांगर को नगरपालिका में शामिल किया गया है। जिससे नगरपालिका के क्षेत्रफल में बढ़ोत्तरी हुई है। शासन के गाइडलाइन के मुताबिक 50000 की आबादी तक 25 वार्ड रहेंगे। बरहज नगर और शामिल आठ गांवों को मिलाकर आबादी 48900 है। जिससे बरहज नगर पालिका में पूर्व से ही 25 वार्ड हैं । इस कारण अब नए वार्ड नहीं बनेंगे। नवंबर–दिसंबर माह में चुनाव कराने की है तैयारीः नवंबर व दिसंबर माह में नगर पंचायत चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव शासन स्तर से दिया गया है। इसके लिए प्राथमिक कार्य के तौर पर वार्डों का गठन कराया जा रहा है। वार्डों का गठन होने के उपरांत मतदाता सूची के कार्यों की गतिविधि शुरू होने की उम्मीद है। चर्चा है कि इस बार निकाय चुनाव कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व ही करा लिए जाएंगे।

# जिले के छह नगर निकायों में होगा परिसीमन का कार्य, तैयारियां तेज

महराजगंज। नगर निकायों के चुनाव को लेकर शासन स्तर से मिले निर्देश के बाद जिले में परिसीमन की कार्रवाई तेज हो गई है। शासन ने पांच मई तक नवसृजित व विस्तार में आए नगर निकायों के परिसीमन की कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया है। महराजगंज नगर पालिका, आनंदनगर नगर पंचायत और नव सृजित चार नगर पंचायत चौक, बृजमनगंज, परतावल और पनियरा में तैयारियां शुरू हो गई हैं। परिसीमन की कार्रवाई के बाद ही इन निकायों में चुनाव किया जा सकेगा। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज वर्मा ने बताया कि वार्डों के गठन में 2011 की जनगणना को मानक बनाए जाने का निर्देश भी शासन स्तर से दिया गया है। जनसंख्या घनत्व के अनुसार निकायों में वार्डों का गठन होना है। जिले में चुनाव के पूर्व महराजगंज नगर पालिका, आनंदनगर नगर पंचायत व सिसवा नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा मिलने के बाद दोनों का विस्तार हुआ था। इसके अलावा चौक, परतावल, पनियरा और बृजमनगंज को नया नगर पंचायत बनाया गया है। परिसीमन के बाद शहर बनेंगे 40 गांव रू जिले में नगर पालिका महराजगंज व नगर पंचायत आनंदनगर के विस्तार और चार नगर पंचायतों के सृजन के बाद कुल 40 गांव शहर में शामिल हो जाएंगे। नगर पालिका परिषद महराजगंज के विस्तार के बाद कुल आठ गांवों को शामिल किया गया है। इसमें धनेवा–धनेई, चौपरिया, महुअवा, तरकुलवा, बांसपार बैजौली, मुजहना, पिपरा बाबू व अमरुतिया कुल आठ गांव शामिल हुए हैं। इसी प्रकार विस्तार में आनंदनगर में गनेशपुर, मथुरानगर, परसामहंत, महदेवा बुजुर्ग, सिधवार, सिधवारी, बनकटी, रतनपुर व फरेंदा खुर्द ग्राम पंचायत नगर में शामिल होंगे। विस्तार के अलावा नवसृजित नगर पंचायतों में चौक में बरगदही बसंतनाथ, केवलापुर कला, ओबरी, चौक खास, सोनाड़ी और धर्मपुर कुल छह गांव शामिल है। पनियरा में बड़वार, नेवासपोखर, बसडीला, डिगुरी व पनियरा खास शामिल हुए हैं। इसी प्रकार बृजमनगंज में शहाबाद, मटिहनवा, हाताबेला हरैया, पृथ्वीपालगढ़ व फूलमनहा गांव के अलावा परतावल में खास ग्राम परतावल के अलावा छातीराम, धनगड़ा, परसा बुजुर्ग, इमिलिया, धमरली व नगरौली गांव शामिल हुए हैं।

# शौचालयों के लिए 28 गांवों में भूमि का संकट

महराजगंज। जिले में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के लिए 28 ग्राम पंचायतों में भूमि का संकट है। इसकी तलाश में अधिकारियों के पसीने छूट जा रहे हैं। आठ माह बीतने के बाद भी भूमि की अनुपलब्धता के कारण इन गांवों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य नहीं शुरू हो सका, जिसके कारण हर गांवों को खुले में शौच से मुक्त करने की योजना धरातल पर नहीं उतर पा रही है। जिले के 882 ग्राम पंचायतों में दो–दो सामुदायिक शौचालय बनने हैं। इसमें अभी सिर्फ 785 शौचालयों का निर्माण हो सका है, जबकि 28 ग्राम पंचायतों में भूमि की तलाश चल रही है। जिला पंचायत राज अधिकारी केबी वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायतों में भूमि की उपलब्धता के अनुसार सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है, जहां भूमि नहीं मिली है, वहां के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। यह होगी व्यवस्थाः महराजगंज। एक पुरुष और एक महिला सामुदायिक शौचालय होगा। प्रत्येक में कम से कम दो–दो सीट और तीन–तीन यूरिनल होंगे।

हर शौचालय पर करीब पांच लाख रुपये खर्च किए जा सकेंगे। इसके अलावा सामुदायिक शौचालय परिसरों का निर्माण आवश्यकतानुसार सीटों की समुचित संख्या, बच्चों के उपयोग हेतु अनुकूल शौचालय सीट, स्नानागार, हाथ धोने का स्थान आदि उपलब्धता कराते हुए पिट तकनीकी पर किया जाएगा। इसमें एक सीट दिव्यांगों के अनुकूल निर्मित कराई जाएगी। सामुदायिक शौचालय में विद्युत व्यवस्था एवं जल भंडारण हेतु ओवर हैड टैंक, बोरिग, हैंडपंप आदि की व्यवस्था भी रहेगी। यहां है भूमि की आवश्यकताः महराजगंज। हैरया मौलाही, अबदहा, बभनी खुर्द, विशुनपुरा, महदेइया, पिपरिया, मुड़िला चौधरी, जं.वा. टुकड़ा नंबर–14, ब्रहम्पुर, चौनपुर, सोनकटिया, हरपुर तिवारी, बरघा उर्फ सियरहीभार, बुद्धिरामपुर, परसा खुर्द, पिपरा जद्दे, रघुनाथपुर, चौनुपर लक्ष्मीपुर, बड़हरा शिवनाथ, रायपुर, दुर्गवलिया, बहरौली, भोतहा व लेदवा में भूमि की आवश्यकता है।

## एसपी ने फरेंदा कोतवाली का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

आनंदनगर। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने फरेंदा कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या– बलवा आदि से संबंधित रजिस्टरों का गहनता से अवलोकन किया। अभिलेखों को उचित रखरखाव के लिए निर्देशित किया। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मालखाने में रखे बलवा ड्रिल से संबंधित उपकरणों की साफ– सफाई कराकर रखने के लिए निर्देशित किया। लावारिश वाहन– माल की सूची बनाकर नीलामी की प्रक्रिया नियमानुसार अतिशीघ्र कराने का भी निर्देश दिया। उसके बाद एसपी ने कस्बे में पैदल भ्रमण कर जानकारी ली। इस दौरान थानाध्यक्ष दिनेश दत्त मिश्र, एसआई अमित राय, रामकिशुन, अरुण, दिनेश, नैनश्री सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोनभद्र की 26वीं बैठक का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,सोनभद्र की 26वीं बैठक का ऑनलाइन आयोजन शुक्रवार को किया गया। बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोनभद्र के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बसुराज गोस्वामी ने कहा कि 'राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देश के अनुपालन में एवं राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक आयोजित की गई हैद्य श्री गोस्वामी ने कहा कि 'नराकास' सोनभद्र द्वारा राजभाषा नियम, अधिनियम का पालन करते हुए हिंदी के विकास के लिए सभा, संगोष्ठी, कवि सम्मेलन सहित अन्य प्रशंसनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने हिंदी भाषा को अपने जीवनयापन की प्रमुख भाषा बनाए रखने पर जोर दिया और अपने हिंदी कार्यों से अन्य व्यक्तियों को भी प्रेरित करते रहने पर बल दिया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए निर्मल कुमार दूबे, उप निदेशक (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने भारत सरकार के राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2022–23 के अनुरूप कार्य योजना बनाकर राजभाषा लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सभी कार्यालयों के राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गई, सदस्य कार्यालयों से हिन्दी साफ्टवेयर के अधिकाधिक प्रयोग की अपेक्षा की गई। राजभाषा कार्यशाला के माध्यम से सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान राजभाषा नियमों, अधिनियमों से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक का संयोजन ओम प्रकाश,वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोनभद्र द्वारा किया गया।



# अमन चैन की दुआ के साथ अदा की गई अलविदा जुम्मा की नमाज



दैनिक बुद्ध का संदेश

चोपन/सोनभद्र। स्थानीय नगर के जामा मस्जिद में शुक्रवार को रमजान माह के अलविदा जुम्मा पर नमाजियों से जामा मस्जिद खचाखच भरी रहीं। रमजान के महीने के दिनों में जुम्मा (शुक्रवार) का अपना अलग महत्व देखते हुये सुबह से ही बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक नमाज पढ़ने की तैयारियों में जुट गये। दोपहर बाद जामा मस्जिद में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गयी। नमाज पढ़ने से पहले जामा मस्जिद के पेश ईमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने मस्जिद में तकरीरों में रमजान के पवित्र महीने की अहमियत बताई गई। बाद नमाज लोगों ने अपने खुदा की बंदेकरीम से गुनाहों की तौबा करने के साथ रोजा रखने की ताकत देने की और मुल्क की सलामती के लिये अमन–चौन की दुआ मांगी गई।वही चिलचिलाती धूप से बचने के लिये अंजुमन सेक्रेटरी महफूज आरिफ व कमेंटी के मेम्बरों ने शामियाने लगाकर नमाजियों को राहत दिलाई। इस मौके पर जामा मस्जिद के नायब सदर सरफराज अहमद, चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली,हाजी मुख्तार अहमद,डां मुन्ना ,चिराग अली, रियाज अहमद, शमीम अंसारी, नाजिम खान, एम एम खान, एजाज अंसारी, अनवर कुरैशी, सराफतअली, भाईजान, सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम बन्धु मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत थाना प्रभारी निरीक्षक के.के.सिह मय फोर्स चाक चौबंद नजर आये।

# थानाध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ किया बैठक, दिया आवश्यक दिशा निर्देश

## सड़क एव पटरियों से हटा लें अतिक्रमण नही तो होगी कार्यवाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर थाना परिसर में शुक्रवार को म्योरपुर थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार त्रिपाठी ने म्योरपुर कस्बे के व्यापारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिया। त्रिपाठी ने व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अशर्फी अग्रहरि से कहा कि जो भी बड़े दुकानदार है वे आपने दुकान में सीसी कैमरा लगवा ले कोई भी दुकानदार पटरी छोड़ कर ही दुकान लगाएगा उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि अतिक्रमण मुक्त रोड हो जब पटरी खाली रहेगी तो जाम नही लगेगी किसी अनहोनीनश से भी आप बचेंगे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गणेश कुमार जायसवाल ने बताया कि होटल व्यवसायी रोड़ पर पानी डाल रहे है, जिस कारण रोड़ खराब हो रही है।रवि अग्रहरी ने बताया कि शनिवार को सप्ताहिक बाजार के दिन कुछ उचक्के टाइप के लोग बाजार में घूमते हैं तथा ग्रामीण जनता का मोबाइल पैसा मार देते हैं कहा कि पुलिस अगर शनिवार को सिविल ड्रेस में बाजार में चक्रमण करे तो चोरों को पकड़ा जा सकता है। सभी की बातों को सुनने के बाद थाना प्रभारी श्री त्रिपाठी ने कहा कि लीलासी मोड़ से हवाई पट्टी मोड़ तक बाजार में पूरी तरह से अतिक्रमण है जो किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। सभी दुकानदार स्वयं दो दिन में पांच फीट पटरी छोड़ कर अपना दुकान लगाए नही तो जेसीबी मशीन से पांच फीट का पटरी बनाया जाएगा। होटल व्यवसाई रोड़ पर पानी कतई ना बाहाये पानी के लिये सोखता बनवाये अपने दुकान के सामने सोखता बनवा ले। उन्होंने कड़े शब्दो मे कहा कि अगर नही माने तो दुकानदारों का चालान भी किया जाएगा, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान लालता प्रसाद जायसवाल, अशर्फी केशरी, आशीष अग्रहरि, विजय गुप्ता, इरफान अहमद खान, धीरज केशरी, सन्तोष आदि ब्यपार संघ के सदस्य मौजूद रहे।



## दिघुल गांव में दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में दो लोग हुए गम्भीर घायल, इलाज जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के दिघुल गांव में दोपहर



तकरीबन साढ़े 12 बजे दो बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में दोनों बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दिघुल गांव में सफीक 19 पुत्र अयूब खान निवासी बघाड़ू व रवि 18 पुत्र रामकेश निवासी बघाड़ू दोनों युवकों की बाइको की दिघुल गांव में आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था मे आनन फानन में परिजनों ने दोनो बाइक चालको को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पर भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।

## रेलवे पुलिस अधीक्षक ने जीआरपी लाइन का लिया जायजा

लखनऊ। राजधानी में पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक रेलवे, सौमित्र यादव अनुभाग, लखनऊ द्वारा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम व द्वितीय अनुभाग की मौजूदगी में जीआरपी लाइन परिसर का भ्रमण किया गया। जिसमें भ्रमण के दौरान आर.ओ. प्लांट, सभी बैरक, मेस, आरएसआई कार्यालय, जीडी व केश कार्यालय का सघन निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही इस दौरान कोविड–19 के मददेनजर भारत सरकार द्वारा निर्गत उचित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किए जाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## राष्ट्रीय केमिस्ट्री ओलम्पियाड में देवांश बंसल का चयन

लखनऊ। सिटी मान्टेसरी स्कूल कानपुर रोड कैम्पस के कक्षा–12 के छात्र देवांश बंसल ने होमी भाभा सेन्टर फॉर साइन्स एजूकेशन मुंबई के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित केमिस्ट्री ओलम्पियाड में चयनित होकर लखनऊ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है। यह जानकारी स्कूल के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरिओम शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के विद्यालयों से एक लाख से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच स्कूल के इस मेधावी छात्र ने अपने ज्ञान–विज्ञान का परचम लहराकर यह उपलब्धि अर्जित की है।

## प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 295 नये मामले

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,26,523 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 295 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 11,11,67,064 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 223 लोग तथा अब तक कुल 20,49,102 लोग कोविड–19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 1463 एक्टिव मामले है। श्री प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 28 अप्रैल, 2022 को एक दिन में 6,22,550 वैक्सीन की डोज दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 15,29,66,313 तथा दूसरी डोज 13,01,59,712 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,33,25,114 तथा दूसरी डोज 92,30,131 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 49,64,573 तथा दूसरी डोज 2,39,846 दी गयी। कल तक 27,55,051 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 31,36,40,740 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

## प्रदेश में अब तक 1.28 लाख मीट्रिक टन हुई गेहूँ खरीद

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा रबी खरीद वर्ष 2022–23 के तहत प्रदेश में खोले गए विभिन्न क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 128131.98 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीद की गयी है। इसके एवज में किसानों को 159.556 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आज 11126.66 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीद हुई है। किसान किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 1800–1800–150 या सम्बन्धित जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

# भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से झुलस रही है प्रदेश की जनताः अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से प्रदेश की जनता झुलस रही है। पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी यूपी तक लोग त्राहि–त्राहि कर रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ बिजली संकट गहराता जा रहा है। खुद भाजपा के विधायकों और राज्यमंत्री तक ने इस सम्बंध में ऊर्जा मंत्री और एम.डी. पावर कारपोरेशन को पत्र लिखे हैं। प्रदेश में हर तरफ हाहाकार मचा है पर भाजपा की डबल इंजन सरकार सत्ता की खुमारी में है। बिजली उत्पादन के क्षेत्र में पिछले पांच साल भाजपा ने कुछ नहीं किया। कई बिजली उत्पादन इकाइयां ठप है। बिजली की मांग और उपलब्धता में भारी अंतर के चलते गांव, कस्बों और तहसील मुख्यालयों में अंधाधुंध कटौती हो रही है। खुद राजधानी लखनऊ में भी बिजली के झटके महसूस होने लगे हैं। रोस्टर केवल कहने–सुनने के लिए है। बुनकर उद्योग बंद हो रहा है। मौसम वैज्ञानिक पहले ही भीषण गर्मी होने की चेतावनी दे चुके थे। मई में 48 डिग्री गर्मी झुलसा सकती है। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने पहले कोई राहत के कदम क्यों नहीं उठाए? भाजपा की दोनों सरकारें होने के बावजूद बिजली व्यवस्था चौपट है। केन्द्र सरकार न तो पर्याप्त कोयला की आपूर्ति कर रही है और न ही अपने 10 हजार मेगावाट कोटे की बिजली

उत्तर प्रदेश को दे रही है। समाजवादियों ने विधानसभा चुनाव में 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था। जनता को बरगलाने के लिए चुनाव में भाजपा ने भी झूठे वादे कर लिए। लेकिन चुनाव खत्म होते ही भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया। भाजपा सरकार बिजली बिल वसूली के नाम पर राजनीतिक विरोधियों के कनेक्शन काट रही है और मुकदमे दर्ज कर रही है। समाज में नफरत फैलाने वालों ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद करके रख दिया है। ये कभी उत्तर प्रदेश और यहां की जनता का विकास और भला नहीं चाहते हैं। प्रदेश की जनता भाजपा की सच्चाई जान चुकी है। अब भाजपा सरकार की पोल खुल गई है। उनकी काठ की हांडी कभी भी चढ़ने वाली नहीं।

## सीएमओ ने किया दुद्धी सीएचसी का निरीक्षण, गन्दगी देख संबंधितों को लगाई फटकार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज दोपहर दो



बजे सीएमओ रमेश ठाकुर औचक आ धमके। जिससे सीएचसी के स्वास्थ्यकर्मियों के हाथ पाव फूलने लगे। उन्होंने सर्वप्रथम ओपीडी सेवाओ का निरीक्षण किया जहाँ सभी चिकित्सक मौजूद मिले। इसके बाद उन्होंने ब्लड बैंक व मरीजों के वार्डों व समूचे परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी देख काफी नाराजगी जाहिर की और सम्बन्धितों को फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों की सेहत सुधारने के लिए हमारे यहाँ एनआरसी वार्ड जो की अभी मानव संसाधन की कमी के कारण शिथिल पड़ा हुआ जिसे जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा। कहा कि डिलीवरी के बाद के लिए प्रसूता महिलाओं के लिए एक अलग से वार्ड जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने लोगों से अपील किया कि धूप में न निकले और साफ पानी पिये और खुले में रखे हुए चीजों को नही खाए। इस दौरान चिकित्साधीक्षक डॉ शाह आलम अंसारी, डॉ मनोज एक्का, डॉ प्रकाश जायसवाल, डॉ मिथलेश कुमार, दीपक सिंह के साथ अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहें।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 182.86 करोड़ रूपये की लागत की परियोजनाओं का होगा शिलान्यासः जयवीर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र को रोजगार एवं राजस्व अर्धन का एक सुनिश्चित जरिया बनाने के लिए 182.86 करोड़ रूपये लागत की 05 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जायेगा। ये परियोजनायें वाराणसी, कुशीनगर, मथुरा, आगरा तथा जनपद सिद्धार्थनगर में पर्यटकों को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभायेगी। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहॉ दी। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के अंतर्गत जनपद वाराणसी में सारनाथ का समेकित पर्यटन विकास 72.63 करोड़ रूपये की लागत से कराया जायेगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार 16.83 करोड़ रूपये की लागत से जनपद कुशीनगर में कुशीनगर का समेकित पर्यटन विकास कराया जायेगा। इसके लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। श्री सिंह ने बताया कि जनपद मथुरा में ब्रज क्षेत्र का समेकित पर्यटन विकास 71.05 करोड़ रूपये की लागत से कराया जायेगा। इस कार्य के लिए मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। इसी प्रकार 10.80 करोड़ रूपये की लागत से जनपद आगरा में कछपुरा में आर्टिजन सेंटर का निर्माण कराया जायेगा। इसके निर्माण के लिए आगरा विकास प्राधिकरण को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त 11.55 करोड़ रूपये की लागत से जनपद सिद्धार्थनगर के कपिलवस्तु (पिपरहवा) में डारमेट्री हॉल, पर्यटक सूचना केन्द्र एवं कुटीर का पुनर्निर्माण का प्रस्ताव है। इसके लिए उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उ0प्र0 में ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की विश्व धरोहर मौजूद हैं। इनका दीदार करने पूरे देश–विदेश से सैलानियों का आवागमन होता है।

## राजकीय क्रय बढ़ाने के उद्देश्य से मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से होगी गेहूँ खरीद

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2022–23 में गेहूँ के राजकीय क्रय को बढ़ाने के उद्देश्य से मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेहूँ खरीद की जाएगी। क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं एवं ग्राम प्रधानों से वार्ता की जायेगी तथा जिस ग्राम में ट्रक लोड गेहूँ क्रय की सम्भावना होगी, वहाँ मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से पंचायत भवन में गेहूं क्रय किया जायेगा तथा वहीं से क्रय गेहूँ भारतीय खाद्य निगम से सम्बद्ध डिपो पर प्रेषित करेगा। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार क्रय केन्द्र प्रभारी मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से खरीद की तिथि से ग्राम प्रधान एवं सम्बन्धित उचित दर विक्रेता को सूचित करेंगे तथा ग्राम प्रधान व उचित दर विक्रेता गाँव में स्थित किसानों को मोबाइल टीम के आने की सूचना गांव के किसानों को पूर्व में उपलब्ध करायेंगे। मोबाइल क्रय केन्द्र का संचालन करने वाली टीम सम्बन्धित गाँव के सार्वजनिक स्थल यथा पंचायत भवन, उचित दर विक्रेता की दुकान पर गेहूँ क्रय सम्पादित करेगी। क्रय केन्द्र प्रभारियों के नाम एवं टेलीफोन नम्बर का प्रचार–प्रसार कराया जायेगा, ताकि उत्पादक क्षेत्र के किसान स्वयं केन्द्र प्रभारी से सम्पर्क कर मोबाइल क्रय केन्द्र की सुविधा प्राप्त कर सकें। इसके अलावा मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से क्रय हेतु सम्बन्धित ग्राम से भारतीय खाद्य निगम के डिपो तक की वास्तविक दूरी का भुगतान टेन्डर की दरों के अनुसार परिवहन ठेकेदार को किया जायेगा।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप बरेली के भ्रमण पर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन विभाग नरेन्द्र कश्यप जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए जनपद बरेली में पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र तथा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतौल का निरीक्षण मंत्री जी द्वारा किया जायेगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य उपकेन्द्र भरतौल का भी निरीक्षण करेंगे।

## मिशन शक्ति नारी जागरुकता अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस उप महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के निर्देशन में "मिशन–शक्ति" अभियान के अन्तर्गत महिलाओंध्बालिकाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के क्रम में जनपद सोनभद्र के समस्त थानों पर गठित एन्टीरोमियो टीमों द्वारा थाना क्षेत्र के स्कूलध्सार्वजनिक स्थानोंध प्रमुख चौराहोंध्कस्बोंध्प्रमुख बाजारों आदि के आस–पास गश्तध चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया गया तथा उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता कर आवश्यक हिदायत दी गयी, साथ ही उपस्थित बालिकाओंध्महिलाओं को उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षाधमिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी, इसी क्रम मे बिना कारण घूमने वाले लड़कोंध्शोहदों की चेकिंग की गयी व सख्त हिदायत दी गयी।

# जिले में 6790 गर्भवती और 16030 बच्चों का होगा टीकाकरण

## दो मई से शुरू होगा मिशन इंद्रधनुष, सीतापुर के लिए बनेगा वरदान

सीतापुर। नियमित टीकाकरण से छूटे दो वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती के टीकाकरण के लिए मिशन इंद्रधनुष अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ आगामी दो मई से शुरू हो रहा है। इसके तहत टीकाकरण से छूटे दो वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती का निरूशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। इस चरण में प्रारंभ होने से आठ कार्य दिवसों में यह विशेष अभियान चलाकर दो वर्ष तक की उम्र के पात्र बच्चों एवं गर्भवती को 12 गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक वैक्सीन लगाई जाएगी। डिप्टी सीएमओ डा. डीके सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दो वर्ष की उम्र तक के 16030 बच्चों और 6,790 गर्भवती को टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए 4083 टीमों का गठन किया गया है। जो कि 4,083 सत्रों का आयोजन कर टीकाकरण का काम करेंगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत दो साल की उम्र तक के बच्चों को नौ जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए पोलियो, टीबी, गलाघोंटू, काली खांसी, टिटनेस, हैपैटाइटिस बी, जापानीज इंसेफेलाइटिस, खसरा और हीमोफि लस इंफ्लयूंजा बीमारियों से बचाने के लिय वैक्सीन लगाई जाएगी। इस अभियान के दौरान ओपीवी, बीसीजी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी, मिजल्स, विटामिन.ए डीपीटी बूस्टर डोज, मिजल्स बूस्टर डोज और बूस्टर ओपीवी, पीसीवी के टीके लगाए जाएंगे। एसीएमओ एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 पीके सिंह ने बताया कि जहां पर छूटे बच्चे अथवा परिवार हों। वह लोग अपनी आशा और आंगनबाड़ी से संपर्क कर लें। जिस दिन गांव में टीम आए उस दिन वह नियत स्थान पर पहुंच कर टीका लगवा लें। उन्होंने कहा कि पेंटावेलेंट वैक्सीन लगने से किसी.किसी को बुखार आ सकता है। ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। आशा, एएनएम अथवा स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। उन्होंने आमजन से यह भी अपील की है कि जब भी उनके क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचे तो वह टीकाकरण के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। ऐसे में लोग एक दूसरे के मध्य शारीरिक दूरी रखें और अपने मुंह व नाक को मास्क से अच्छी तरह से ढक कर रखें।

# पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी ने तहसील सिधौली का किया निरीक्षण

सिधौली (सीतापुर)। जिलाधिकारी ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के चलते तहसील सिधौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को लेकर मातहतों की क्लास लगाई। निरीक्षण के दौरान फरियादियों के द्वारा दिए गए प्रार्थनापत्रों पर जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। जिलाधिकारी अनुज सिंह दोपहर दो बजे सिधौली तहसील परिसर पहुंचे। तहसील परिसर में दिवारों के पेंट को उखड़ा हुआ देखकर जिलाधिकारी ने तहसील परिसर की पुताई कराने व अधिशासी अधिकारी सर्वेश शुक्ल को तहसील रोड पर स्थित दुकानों के बाहर डस्टबीन रखवाने के निर्देश दिए। सबसे पहले जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय का निरीक्षण किया। जहां पर पैमाइश के मुकदमों की पेंडेंशी 200 होने पर नाराजगी जताई।

खतौनी में नाम संशोधन से संबंधित मुकदमों में निस्तारण में होने वाली देरी के लिए भी पेशकार अवध कुमार शर्मा से पूछा तो उन्होंने दो वर्षों से चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल का हवाला दिया। इसके बाद श्री सिंह ने नायब तहसीलदार कोर्ट, भूलेख कक्ष, अभिलेखागार कक्ष, तहसीलदार कोर्ट, खाद्य रसद, संग्रह अमीन कार्यालयों का निरीक्षण किया। तहसील निरीक्षण के उपरांत डीएम विकासखण्ड कार्यालय निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर उन्होंने विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान सिधौली ब्लाक प्रमुख द्वारा सिधौली खंड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह के विरुद्ध अवैध धन वसूली मनमाने तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए डीएम को ज्ञापन दिया। किंधौलिया निवासी उदय प्रताप सिंह के पुत्र पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी से दो साल बीत जाने के बाद भी हदबंदी के मुकदमें का निस्तारण न होने की शिकायत की। गाजीपुर निवासी दिव्यांग घोरू ने बैटरी वाली साइकिल दिलाने के लिए जिलाधिकारी से फरियाद की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम प्रसाद गौतम एवं महामंत्री संजय दीक्षित ने तहसील के अंदर पेय जल के लिए कोई सुविधा न होने का मुद्दा उठाया। इस दौरान उपजिलाधिकारी पंकज प्रकाश राठौर तहसीलदार आरपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## निरूशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम 11 मई से

सीतापुर। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सड़क सुरक्षा भारत सरकार नई दिल्ली के तत्वाधान में राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 24 पर जनता ढाबा नियर टोल प्लाजा. खैराबाद. सीतापुर पर 11 मई से 17 मई तक 1 सप्ताह सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रक ड्राइवरों को निरूशुल्क कंप्यूटराइज मशीन द्वारा वरिष्ठ डॉक्टर पुनीत मिश्रा एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट फैजान सैयद मुजफ्फ र के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं निरूशुल्क चश्मा वितरण का कार्यक्रम सामाजिक संगठन राजेश्वरी शिक्षा समिति सीतापुर के कार्यक्रम संचालक संजय शर्मा अथवा टीम सदस्यों के द्वारा संचालन किया जाएगा।

# उनका अंदाज भी तो शाही है, सिर्फ कहने को खैरख्वाही है : जग जीवन मिश्र

सेउता (सीतापुर)। शिव शक्ति धाम ट्रस्ट कनकारी द्वारा 21वें श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पावन अवसर पर लखपति देवी शंभू दयाल बालिका इंटर कॉलेज, ग्राम कनकारी में साहित्यकार सन्दीप मिश्र सरस के संयोजन में कनकारी काव्योत्सव.2022 भव्य का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अरुणेश मिश्र ने की और भव्य संचालन का दायित्व रायबरेली के प्रखर कवि डॉक्टर नीरज पांडेय शून्य ने संभाला। मां सरस्वती की वंदना और कार्यक्रम संरक्षक चंद्र कुमार मिश्र बापू के स्वागत उद्बोधन से कार्यक्रम का शोभित शुभारंभ हुआ। प्रख्यात कथावाचक ओम जी महाराज शोभन सरकार की मंच पर गरिमामयी उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। अध्यक्षीय काव्यपाठ में अरुणेश मिश्र ने व्यवस्था की विसंगतियों पर करारा प्रहार किया। सत्य असत्य उजागर करना खतरा है अभिशाप है। अगर काम बन रहा किसी का तो गर्दभ भी बाप है। असली मां का नहीं ठिकाना और पिताजी कैसे हैं। राजनीति के दत्तक बेटे हमने देखे ऐसे हैं। रायबरेली से सशक्त रचनाकार डॉ नीरज पाण्डेय शून्य ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चढ़ा पाते नही हैं और ना हम चढ़ ही पाते हैं। न सुन पाते हैं ना झूठे कसीदे गढ़ ही पाते हैं। ये सबका प्यार है मंचों पे जो जिंदा हैं हम वरना न अच्छा लिख ही पाते हैं न अच्छा पढ़ ही पाते हैं। लखीमपुर से वीररस के विख्यात कवि अनिल शुक्ल अमल ने प्रभावी राष्ट्र आराधना की। जब सत्ता बलिदानों पर भी राजनीति करवाती है। तब मेरी कविता शब्दों में अंगारे भर लाती है। अनुपम लोकगीतकार जगजीवन मिश्र ने काव्यपाठ से श्रोताओं को सम्मोहित कर लिया। उनका अंदाज भी तो शाही है। सिर्फ कहने को खैरख्वाही है। और हर जुल्म रूस सा कातिल, यहां यूक्रेन सी तबाही है। लखनऊ से सशक्त ओजस्वी कवि प्रमोद द्विवेदी प्रमोद ने चुनौती दी। चोंच मारने से चिडियों के बादल नहीं फटा करता है। कुत्तों के गुर्राने से गज पीछे नहीं हटा करता है। तिनके एक साथ मिलकर भी चाहे जितना जोर लगा लें, उनके पैनेपन से लोहा किंचित नहीं कटा करता है। कार्यक्रम संयोजक संदीप मिश्र सरस ने सामंतवादी व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए कहा उठी दीवार आंगन में, कहो घर कौन जोड़ेगा, भला कतरे इकट्ठे कर, समंदर कौन जोड़ेगा, अगर मैकू का बेटा पड़ गया तो, आप बतलाओ, हमारी लग्जरी कारों का पंचर कौन जोड़ेगा। इस अवसर पर प्रमोद पंकज, लवलेश यदुवंशी, मयंक मिश्र आदि कवियों ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में मनोज पांडेय, डॉ अवनीश मिश्र, डॉक्टर हरेंद्र योगी, गणेश शंकर मिश्र, चन्द्र मोहन मिश्र, अभिनव कात्यायन आदि प्रबुद्ध गणों के साथ साथ हजारों की संख्या में कविता प्रेमियों ने देर रात तक कवि सम्मेलन को जीवंत बनाए रखा है।

## विद्युत उपकेन्द्र इमलिया में रोस्टर के हिसाब से नहीं मिल पा रही बिजली

सीतापुर। ऐलिया विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत इमलिया सुल्तानपुर में लगे विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युतीकरण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इतनी तपिस में विद्युत उपभोक्ता गर्मी से जूझ रहे हैं। दूसरी तरफ किसानों की फसलें सूख रही हैं। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण विद्युत उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। किसान इतना परेशान है कि उसको चौन नहीं पड़ रहा है। बोरिंग ऊपर से पानी नहीं उठा रही है। किसान समरसेबिल से सिंचाई करते हैं। गन्ने की फसलें सूखी जा रही हैं। जबकि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश था कि ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली उपलब्ध करायी जाये। लेकिन विद्युत अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय चार पांच घंटे ही बिजली आ रही है। उसका भी कोई रोस्टर नहीं है। कभी 15 मिनट कभी एक घंटे कभी दो घंटे कभी पूरे पूरे दिन आपूर्ति बाधित रहती है। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति दिलाने की मांग की है।

## विशिष्ट दिव्यांगता पहचान.पत्र यूडीआईडी बनाने की परियोजना संचालित

सीतापुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों हेतु विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र यूडीआईडी बनाने की परियोजना संचालित है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है कि देश के सभी दिव्यांगजन का समग्र डेटाबेस विकसित हो और उसके तहत सभी दिव्यांगजन का एक ऐसा पहचान.पत्र और और दिव्यांगता प्रमाण.पत्र निर्गत हो जा सम्पूर्ण भारत के लिए मान्य हो। भविष्य में दिव्यांगजन के हितार्थ संचालित समस्त कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक दिव्यांगजन के पास यूडीआईडी कार्ड होना आवश्यक होगा। उन्होंने उक्त के क्रम में जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को जानकारी देते हुए बताया कि अपने विशिष्ट दिव्यांगता पहचान.पत्र यूडीआईडी स्वावलम्बन कार्ड बनवाने हेतु वेबसाइट पर 15 मई 2022 तक ऑनलाइन आवेदन कर देए जिससे निर्वाध रूप से उन्हें समस्त विभागीय योजनाओं का नियमानुसार लाभ प्राप्त हो सके होता रहे।

## करंट लगने से युवक की मौत

हरदोई।थाना क्षेत्र के बरनई गांव में .रात पानी वाले मोटर में चालू करते समय युवक को बिजली का करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।आनन–फानन में उसे सीएचसी हरपालपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के बरनई गांव निवासी रामवीर 28 वर्ष पुत्र प्रभुदयाल रात पानी वाली मोटर से नवनिर्मित फर्श की तराई करने के लिए मोटर चालू कर रहा था। तभी अचानक उसके बिजली का करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे आनन–फानन में एंबुलेंस से सीएचसी ले आए। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था तथा उसकी 4 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। जिससे एक 2 वर्षीय पुत्र हैं।उसकी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है।घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची।प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया है।

## कन्यादान योजना समिति ने जरूरतमंदों को कराया भोजन

हरदोई।कन्या दान योजना समिति परिवार के सक्रिय सदस्य सचिन मिश्रा धीरू ने अपने बड़े भाई स्वर्गीय देश दीपक मिश्रा की पुण्य तिथि पर समिति के सदस्यों के साथ मिलकर शहर के मुख्य स्थानों (रेलवे स्टेशन, रोडवेज , तथा जिला चिकित्सालय)में जाकर जरूरत मंद लोगो को भोजन वितरण कराया। इस मौके पर लखनऊ से आई निहारिका सिंह जी ने कहा कि धीरू भाई से हम सबको प्रेरणा लेते हुए अनावश्यक पार्टियों से बचकर अपने बच्चो के जन्मदिन पर ,जरूरत मंद लोगो को भोजन कराना चाहिए, इससे खुद को भी आत्म संतुष्टि मिलती है तथा लोगो की दुआएं भी मिलती हैं। इस मौके पर निहारिका सिंह के साथ संस्थापक गोपेश दीक्षित , रजनीश त्रिपाठी,सचिन मिश्रा धीरू, गौरव मिश्रा,पार्थ,वीर आदि लोग मौजूद रहे।

## पैरवी सेल की प्रभावी पैरवी से पॉक्सो एक्ट के मुजरिम को 14 वर्ष की कारावास व 20000 : का जुर्माना

हरदोई।मिशन शक्ति अभियान के जनपद हरदोई पुलिस की प्रभावी पैरवी से .न्यायालय ने सुनाई 14 वर्ष कारावास की सजा व घ्20,000 का जुर्माना हरदोई।जिले के थाना अतरौली पर पंजीकृत मुअसं–320ध्15 धारा– 363ध्366ध्376 भादवि, 3ध्4 पॉक्सों एक्ट व 3(2)(5) एससीध्एसटी एक्ट की प्रभावी पैरवी कर सभी गवाहों की अति शीघ्र पूर्ण गवाही कराकर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो द्वारा सईद हसन पुत्र मोहम्मद रसीद (सजा– 14 वर्ष सश्रम कारावास व 20,000 रू0 को फैसला सुनाया गया है। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त मुकदमे की पैरवी,पैरवी सेल जनपद हरदोई द्वारा की जा रही थी।

## ईदगाह की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गयाः–रेणुका यादव

हरदोई।शासन और जिलाधिकारी के निर्देशानुसार,आज नगर पंचायत कछौना पतसेनी की अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह के अंर्तगत वार्ड संख्या 2 काशीनगर और वार्ड संख्या 3 सदर बाजार में सफाई व्यवस्था और एंटी लार्वा छिड़काव तथा ईद के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए ईदगाह की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। लोगो से सफाई व्यवस्था हेतु फीडबैक लिया गया। रमजान के अंतिम शुक्रवार को मस्जिद के आस पास सफाई और चूना डलवाए जाने हेतु सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया । इस अवसर पर लिपिक, सुपरवाइजर तथा नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे। ।

# अब मोबाइल पर ही 4 घंटे पहले मिलेगी वज्रपात की पूर्व सूचनाः अपर जिलाधिकारी

## वज्रपात सूचना के लिए गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें ''दामिनी ऐप'': वन्दना त्रिवेदी

हरदोई।अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी ने अवगत कराया है कि अब हर व्यक्ति अपने मोबाइल पर ही वज्रपात की पूर्व चेतावनी या अलर्ट प्राप्त कर सकता है, इसके लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे के सहयोग से विशेष रूप से वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट प्रेषित किये जाने के लिए दामिनी ऐप विकसित किया गया है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि विकसित दामिनी ऐप के माध्यम से वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाया जा सकता है तथा कोई भी व्यक्ति गूगल प्ले स्टोर से अपने मोबाइल में यह ऐप डाउनलोड करके वज्रपात के सम्बन्ध में पहले से जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष वज्रपात से बड़ी संख्या में जनहानि व पशुहानि होती है तथा इन्फास्ट्रक्चर को भी भारी नुकसान पहुंचता है, बज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है, बज्रपात से होने वाली जनहानि के न्यूनीकरण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा राहत इंन्टीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम विकसित किया गया है। इन्टीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम, मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट व डाटा को फेच करके राहत आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट पर रजिस्टर्ड ग्राम प्रधानों, लेखपालों, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा, पुलिसकर्मियों एवं कृषकों को बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के रियलटाइम में प्रेषित करता है। इन्टीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम के माध्यम से किसी संभावित आपदा या खराब मौसम का अलर्ट मात्र उन्हीं लोगों को प्राप्त होता है, जिनका मोबाइल नम्बर राहत आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट पर रजिस्टर्ड है परन्तु प्रदेश में प्रतिवर्ष वज्रपात से होने वाली क्षतियों के दृष्टिगत ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है, जिसकी पहुंच आम जनमानस तक आसानी से हो, इसी को ध्यान में रखते हुए वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट प्रेषित किये जाने हेतु दामिनी ऐप विकसित किया गया है और इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। दामिनी ऐप लगभग 20 किमी के क्षेत्र में संभाावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन लगभग 04 घण्टे पूर्व प्रेषित करता है जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेगा। एडीएम ने बताया कि वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिये दामिनी ऐप को जनपद, तहसील, ग्राम व ब्लाक स्तर के सम्बन्धित अधिकारियों, समस्त ग्राम प्रधानों, लेखपालों, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं आशा से डाउनलोड करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह ऐप वज्रपात से जनसामान्य की सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत उपयोगी है। इसलिए स्वयं अपने मोबाइल में दामिनी ऐप डाउनलोड करने के साथ ही अन्य लोगों को भी डाउनलोड करने के लिये जागरूक करें, जिससे वज्रपात की पूर्व चेतावनी व अलर्ट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके तथा वज्रपात से होने वाली क्षतियों को कम किया जा सके ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मृत्यु

हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ हरदोई नेशनल हाईवे पर कटियामऊ मोड़ के पास में बाइक चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु हो गई। इस घटना से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, राम सिंह (67) पुत्र रामचरन निवासी ग्राम पाल्हाराई पोस्ट सुभान खेड़ा थाना कासिमपुर मोटरसाइकिल नम्बर यू०पी० 30 ए०जे० 9827 से कछौना से अपने घर को जा रहे थे। इसी दौरान लखनऊ हरदोई नेशनल हाईवे पर कटियामऊ मोड़ के पास में अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चालक बुरी तरह से गंभीर घायल हो गये। घटनास्थल पर ही घायल का काफी खून निकल चुका था। राहगीरों व स्थानीय नागरिकों ने इमरजेंसी सेवा 108 व पुलिस को सूचना दी, तत्परता दिखाते हुए इमरजेंसी सेवा मौके पर पहुंच गई, घायल को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना लेकर गए, जहां पर मौजूद डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों को पहुंचने के पश्चात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक की तीन बेटियां व दो बेटे हैं। इस घटना से परिजनों के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा हैं।

## सफाई कर्मचारी की लापरवाही से गांव में फैली गंदगी ग्रामीणों में बीमारियों का डर

सीतापुर। ब्लॉक क्षेत्र बिसवां के समस्त ग्राम पंचायतों में नालियां चोक होने से गांवों में फैली गंदगी गांव में फैली गंदगी को देख ग्रामीणों में बीमारियों का डर आपको बता दें कि इस समय माहे रमजान का महीना चल रहा है। जिसको लेकर सभी मुस्लिम समुदाय में रोजा नमाज जैसी इबादत को सबसे ज्यादा माना जाता है और सभी लोग अपने घरों को साफ सुथरा रखते हैं। वहीं एक और गांव में फैली गंदगी से ग्रामीण परेशान है। नालियों में कचरा एवं गंदा पानी भरा हुआ है। जिसको लेकर नमाजी मस्जिद में नमाज के लिए जाते हैं तो गंदे पानी के छींटे वगैरा उनके ऊपर आने से नमाज नहीं हो पाती है उसी और सफ ाई कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान गांव में फैली गंदगी से बेखबर है। ग्रामीणों का कहना है कि काफी समय से नालियों की सफाई नहीं हुई। जिसको लेकर नालियां चौक हो गई और नालियों का पानी रास्तों में चलने लगा है। इसी कारण गांव में गंदगी बढ़ती जा रही है। जिससे डेंगू मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों का फैलना खतरे से खाली नहीं है।

# अतिक्रमण के बहाने नागरिकों ने राजनीति करने का लगाया आरोप

सीतापुर। नगर में 25 अप्रैल से हटाए जा रहे अतिक्रमण के आरोपों की आंच क्षेत्रीय विधायक तक पहुंच गई है। विधायक के समक्ष जहां नगर के कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाए जाने को राजनीति से प्रेरित होने की बात कही तो तमाम लोगों ने अपनी अपनी शिकायतें पेश की। व्यापार मंडल के महामंत्री संजय शुक्ला ने नगर पंचायत प्रशासन की कार्यवाही को मन मानी करार दिया और व्यापारी हितों की रक्षा के लिए लंबी लड़ाई की बात की। .विधायक शशांक त्रिवेदी के आवास पर तमाम लोगों की समस्याओं के चलते शिकायतों का तांता लगा रहा। जिसमें कस्बे के निवासी रानू मिश्रा ने अतिक्रमण हटाए जाने की आड़ में राजनीत किये जाने का आरोप लगाया। पास की बिल्डिंग की दीवार चबूतरा तथा चेयरमैन व उनके नजदीकियों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए बिना ही छोड़ देने का आरोप लगाकर मानक की नाप से अधिक जमीन के चबूतरे को तोड़कर पक्षपात पूर्ण कार्यवाही बताया। विधायक ने मामले का सजान लेते हुए एसडीएम पूनम भास्कर से इस मामले में बात की और मौके पर जाकर देखने की बात कही। वही देवकली गांव के डॉ कौशल किशोर ने प्रधानमंत्री आवास में हुई धांधली का आरोप लगाते हुए विधायक के समक्ष पत्र पेश किया। जिस पर विधायक ने जिलाधकारी अनुज सिंह से बात कर उनकी शिकायत का निस्तारण कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाहीं कराने की बात कही। इसके साथ ही एसएचओ पिसावां और एसडीएम मिश्रिख से भी फोन पर बात कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया। अघोषित बिजली कटौती की शिकायत पर संबंधित एसडीओ से रोस्टर की जानकारी लेकर तत्काल विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि सभी के साथ समान व्यवहार किया जाएगा और निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ पीडिघ्तों की शिकायतों का समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर गुड्डू मिश्रा, मुकेश मिश्रा, नेरी कौशल, किशोर वर्मा, रमन बाजपेई, विमलेश बालक, राम रानू मिश्रा, अवधेश सिंह सहित तमाम लोग अपनी समस्याएं निस्तारित कराने हेतु उपस्थित हुए।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर.न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# अजय देवगन का गुस्सा देख साउथ एक्टर ने मांगी माफी!, बोले– मैं आपसे पर्सनली मिलूँगा



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने बीते बुधवार (27 अप्रैल, 2022) को कन्नड़ स्टार किच्चा सुदीप को हिंदी भाषा और हालिया रिलीज फिल्म केजीएफ–2 पर उनके विवादास्पद बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जी दरअसल अजय देवगन ने ट्विटर पर सवाल किया है कि, अगर हिंदी राष्ट्रीय भाषा नहीं है तो साउथ इंडस्ट्री के मेकर्स अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करके रिलीज क्यों करते हैं? आप देख सकते हैं अजय देवगन ने ट्विटर पर किच्चा सुदीप को टैग करते हुए लिखा, मेरे भाई, आपके अनुसार अगर हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है तो आप अपनी मातृभाषा की फिघ्ल्मों को हिंदी में डब करके क्यों रिलीज करते हैं? हिंदी हमारी मातृभाषा और राष्ट्रीय भाषा थी, है और हमेशा रहेगी। जन गण मन।

वहीं दूसरी तरफ अजय देवगन के ट्वीट पर सुदीप किच्चा ने भी प्रतिक्रिया दी है। वह लिखते हैं, सरज् मैंने उस लाइन को क्यों कहा, मेरे ख्याल से इसका संदर्भ उससे बिलकुल अलग है, जैसा कि आपने समझा है। जब मैं आपसे पर्सनली मिलूँगा तो इस बात पर डिसकस करूँगा कि मैंने वह बयान क्यों दिया था। यह बयान किसी को चोट पहुँचाने, उकसाने या कोई बहस शुरू करने के लिए नहीं था। मैं अपने देश की हर भाषा से प्यार और सम्मान करता हूँ सर। मैं चाहता हूँ कि यह टॉपिक यहीं पर खत्म हो, क्योंकि इसे अलग संदर्भ में लिया गया। इसके अलावा एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा, आपके द्वारा हिंदी में भेजे गए टेक्स्ट को मैं समझ गया। केवल इसलिए कि हम सभी ने हिंदी का सम्मान किया, प्यार किया और सीखा। यह कोई अपराध नहीं है सर, लेकिन सोच रहा था कि अगर मेरी प्रतिक्रिया कन्नड़ में टाइप की गई तो क्या स्थिति होगी।!! क्या हम भी भारत के नहीं हैं सर।

वहीं यह पढने के बाद अजय देवगन ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी। जी दरअसल उन्होंने एक अन्य ट्वीट कर लिखा, आप एक दोस्त हैं। गलतफहमी दूर करने के लिए धन्यवाद। मैंने हमेशा फिल्म उद्योग को एक समझा है। हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं और हम उम्मीद करते हैं कि हर कोई हमारी भाषा का भी सम्मान करेगा। शायद, अनुवाद में कुछ छूट गया था। आपको बता दें कि अजय देवगन का यह ट्वीट सुदीप द्वारा ॅयत्रस्न 2 फिल्म को श्पैन इंडिया फिल्मय कहकर विवाद खड़ा करने के कुछ दिनों बाद आया है। जी दरअसल कन्नड़ भाषा की फिल्म ॅयत्रस्न ष्टद्धड्डश्चह्लद्गह्म्रू 2 की बेहतरीन सफलता के बाद, कन्नड़ सुपरस्टार ने एक वायरल वीडियो में कहा, फिल्म कन्नड़ में बनाई गई थी और अब हिंदी राष्ट्रीय भाषा नहीं रही। वे (बॉलीवुड) भी आज पैन इंडिया फिल्म बना रहे हैं। लेकिन, वे तमिल और तेलुगू में स्ट्रगल कर रहे हैं और फिल्में नहीं चल रही हैं। आज हम (कन्नड़ फिल्म उद्योग) जो फिल्म बना रहे हैं वह हर जगह पसंद की जा रही हैं। आपको पता हो ॅयत्रस्न ष्टद्धड्डश्चह्लद्गह्म्रू 2 को कई भाषाओं में डब किया गया था। वहीं सामने आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2019 में अपनी फिल्म पेलवान के प्रमोशन के दौरान जब सुदीप से फिल्म की हिंदी में डबिंग को लेकर सवाल किया गया था तो उन्होंने कहा था कि, हिंदी राष्ट्रभाषा कैसे है। सब कुछ यहीं से शुरू हुआ, इसलिए यह हमेशा अधिक वजन रखता है। मेरे हिसाब से अन्य भाषाओं की तुलना में हिंदी बोलने वालों की संख्या अधिक है। इसलिए, हम हिंदी वर्जन को अधिक तरजीह दे रहे हैं।

## अनुष्का और विराट ने बताई बबल लाइफ की झलक, जानिए क्या है खास?

विराट कोहली इन दिनों आईपीएल में व्यस्त हैं। वहीं दूसरी तरफ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी इस दौरान उनके साथ मौजूद हैं। जी दरअसल एक्ट्रेस उनके मैच देखने भी जाती हैं, हालाँकि



कोविड की वजह से क्रिकेटर्स और उनके साथ मौजूद परिवार के सदस्यों को भी बबल में रहना पड़ता है। अब इन सभी के बीच अनुष्का शर्मा और विराट कोहली शादी के फंक्शन में पहुंचे। जी दरअसल यह फंक्शन ग्लेन मैक्सवेल और विनी रमन की शादी का है। आप सभी को बता दें कि दोनों ने शादी तो पहले ही कर ली थी, लेकिन अब उनकी टीम ने मैक्सवेल के लिए स्पेशल पार्टी रखी। हालांकि ये पार्टी बबल में ही हुई हैं।

जी हाँ और अनुष्का भी विराट के साथ यहां ट्रेडिशनल लुक में पहुंचीं। इस दौरान की एक्ट्रेस ने एक फोटो भी शेयर की है जो आप देख सकते हैं। इस फोटो में अनुष्का ने पिंक कलर का सूट पहना है और विराट ने ब्लू कलर का कुर्ता और व्हाइट कलर का पजामा। इस फोटो को शेयर करने के साथ अनुष्का ने लिखा, वेडिंग फंक्शन बबल में। अब मुझे लगता है कि मैंने बबल में हर एक फंक्शन को सेलिब्रेट किया है।

अब अनुष्का के इस पोस्ट पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक दोनों की जोड़ी पर प्यार बरसा रहे हैं। कई लोग अनुष्का विराट को बेस्ट कपल कह रहे हैं तो कई लोग दोनों को आकर्षक बता रहे हैं। वैसे काम के बारे में बात करें तो अनुष्का जल्द फिल्मों में वापसी कर रही हैं। वह जल्द ही फिल्म चकदा एक्सप्रेस में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में अनुष्का, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दिग्गज बॉलर झूलन गोस्वामी का किरदार निभाएंगी।




## नोरा ने पहनी ऐसी ड्रेस कि देखने वालों का मुंह रह गया खुला



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही को आज कौन नहीं जानता। अपने अभिनय से लेकर अपने डांस तक से उन्होंने सभी को दीवाना बनाया है। अब इन सभी के बीच हाल ही में उन्हें एक शो के सेट के बाहर स्पॉट किया गया, जहां उनका आउटफिट चर्चा का विषय बन गया। जी दरअसल नोरा की ड्रेस ऐसी है कि देखने के बाद लोग अपने आपको कमेंट करने से रोक नहीं पा रहे। जी दरअसल नोरा फतेही अक्सर अपने लुक्स को लेकर सुर्खियों में रहती हैं और इस बार भी ऐसा ही हुआ है। वैसे नोरा अपने सोशल मीडिया अकाउंट से तस्वीरें शेयर साझा करती रहती हैं और हर बार फैंस का मन मोह लेती है।

अब हाल ही में नोरा के एक लुक सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। उनका एक वीडियो इंस्टाग्राम पर तेजी से शेयर किया जा रहा है। आप देख सकते हैं नोरा फतेही ने वीडियो में सिलवर कलर की ड्रेस पहनी हुई है जो देखने में मैटालिक लग रही है। इसी के साथ अपने लुक को पूरा करने के लिए नोरा ने सिलवर हाई हील्स पहनी हुई है, और उन्होंने बाल खोले हुए हैं। आप देख सकते हैं इस समय वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है, लोग इस पर खूब कमेंटबाजी कर रहे है। जी दरअसल कुछ लोग नोरा को मछली तो कुछ लोग एंजल कह रहे हैं।

हालाँकि एक शख्स ने कमेंट में लिखा है, लुकिंग गोर्जस वहीं दूसरे शख्स ने लिखा है उफ उफ उफ। आप सभी को बता दें इस वीडियो के सामने आने के बाद नोरा के फिगर की भी काफी तारीफ हो रही है। अब अगर काम के बारे में बात करें तो नोरा इन दिनों एक डांस शो को जज कर रही हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से धूल चाट रही है शाहिद की जर्सी

कबीर सिंह जैसी दमदार मूवी से बॉक्स ऑफिस पर हड़कंप मचाने वाले शाहिद कपूर का स्टारडम मूवी जर्सी से फीका पड़ता हुआ नजर आ रहा है. जर्सी में शाहिद एक क्रिकेटर बने हैं. मूवी में शाहिद के अभिनय को तो खूब सराहा गया, लेकिन फिर भी जर्सी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में बुरी तरह असफल होती हुई दिखाई दे रही है. बॉक्स ऑफिस पर ढेर हुई जसीर्रू जर्सी सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह असफल हुई. मूवी के कारोबार में भारी गिरावट दिखाई दे रही है. आपको जानकर हैरानी होगी कि रिलीज के चौथे दिन ही जर्सी का कलेक्शन 45–50 फीसद तक नीचे आ चुका है. अनुमान है कि फिल्म ने चौथे दिन सिर्फ 1.70 से 1.80 करोड़ का कारोबार कर पाई है. इसी के साथ मूवी का टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 16.45 करोड़ रुपये हो चुका है. जर्सी ने किस दिन कमाए कितने करोड़?रू पहले दिन मूवी ने सिर्फ 4 करोड़ रुपये ही कमा पाई थी. हालांकि, दूसरे दिन मूवी की कमाई ने हल्की उछाल के साथ 5.50 करोड़ का कलेक्शन हासिल किया. इसके उपरांत मूवी ने तीसरे दिन 5 करोड़ का कारोबार ही किया. ऐसे में देखा जाए तो मूवी चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह लुढ़क चुकी है. सोमवार को मूवी ने अब तक की सबसे कम कारोबार ही किया है. मूवी के खराब बिजनेस को देखते हुए अनुमान लगाया जाने लगा है कि जर्सी महज 20 करोड़ का लाइफटाइम कलेक्शन करके एक बिग फ्लॉप फिल्म की कैटेगरी में शामिल हो सकता है.






## बेटी के लिए आमिर खान ने किया कुछ ऐसा कि देखकर शॉक्ड रह गए फैंस

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान को हमेशा अपनी बेटी आइरा के साथ देखा जाता है। यह पिता और बेटी खूबसूरत बॉन्डिंग शेयर करते हैं और दोनों को खूब पसंद भी किया जाता है। आइरा आए दिन पिता आमिर के साथ अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं और हाल ही में आइरा ने एक और फोटो शेयर कर लोगों को हैरान कर दिया है। जी दरअसल इस फोटो को शेयर कर उन्होंने बताया कि उनके पिता के अंदर एक और कला है, जिसके बारे में किसी को नहीं पता। जी दरअसल आमिर खान बॉलीवुड के वो एक्टर हैं, जिन्हें लोग श्मिस्टर परफेक्शनिस्ट्य के नाम से भी जानते हैं।

आए दिन सोशल मीडिया पर उनके फोटोज वायरल होते हैं और वीडियो भी लोगों का दिल जीत लेते हैं। हालाँकि आमिर खुद सोशल साइट्स से बहुत दूर हैं। वहीं उनकी बेटी यानी आयरा खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। जी दरअसल आयरा अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ की झलकियों को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर करती हैं। आप सभी जानते ही होंगे पापा आमिर के साथ आयरा काफी फ्रेंडली हैं और अब उन्हें उनके पिता ने तैयार किया है जिसके फोटोज वायरल हो रहे हैं।

वैसे हम आपको बता दें कि आमिर खान ने खुद ये खुलासा किया था कि कोरोना काल में उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि वह अपने बच्चों को पिता का वो प्यार नहीं दे सके। लेकिन अब उन्हें जब भी समय मिलता है तो वह अपने बच्चों के साथ टाइम स्पेंड करने के साथ उनके साथ मस्ती करने का भी कोई मौका नहीं छोड़ते। फिलहाल आप देख सकते हैं आमिर अपनी बेटी आयरा खान के लिए मेकअप आर्टिस्ट बन गए, उन्होंने बेटी का जबरदस्त मेकअप किया।

जी हाँ, पापा के साथ कुछ तस्वीरों को शेयर करते हुए आयरा ने कैप्शन लिखा है– श्अंदाजा लगाएं मेरा मेकअप किसने किया है? यह दिलचस्प है जब आपके पापा आपके पास आएं और दावा करें कि वह आपका मेकअप आपसे बेहतर कर सकते हैं और वो बिल्कुल सही निकले।य अब अगर हम काम के बारे में बात करें तो आमिर खान जल्द श्लाल सिंह चड्ढाय में करीना कपूर खान के साथ दिखाई देंगे।